डाक पंजीयन सं. जयपुर सिटी/ 110/2024-26

R.N.I. NO. RAJHIN/2006/16735 राजस्थान एवं केन्द्र सरकार से विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त

website: www.royalpatrika.com
G-mail: royalpatrika@gmail.com
Yahoo: royal_patrika@yahoo.com

रॉयल पत्रिका न्यूज़ पेपर, वेबसाइट और डिजिटल में विज्ञापन के लिए संपर्क करें। 9799559096

# रॉयल पत्रिका

मुस्लिम रिश्तों और नौकरियों के लिए पढ़े पेज 5

वर्ष :19 | अंक : 33 | पेज: 8 | जयपुर, सोमवार, 16 सितम्बर से 22 सितम्बर 2024 | साप्ताहिक | मूल्य: 5 रुपए

## मुख्यमंत्री केजरीवाल के इस्तीफे से भाजपा-कांग्रेस दोनों हैरान

**-हरियाणा और दिल्ली के विधानसभा चुनावों में आम आदमी पार्टी खुलकर राजनीति कर सकेगी**

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद जमानत पर छूटे केजरीवाल ने रविवार को आप कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा का ऐलान कर दिया है । दिल्ली विधानसभा के चुनाव फरवरी 2025 में होने थे, लेकिन आम आदमी पार्टी सरकार विधानसभा भंग करवाकर जल्दी चुनाव की सिफारिश कर सकती है । अगर ऐसा हुआ तो दिल्ली विधानसभा के चुनाव महाराष्ट्र और झारखंड प्रदेश के साथ नवंबर 2024 में हो सकते हैं ।

जेल से सशर्त जमानत पर छूटे केजरीवाल ने इस्तीफा का ऐलान करके भाजपा के साथ-साथ कांग्रेस को भी चौंका दिया । भाजपा केजरीवाल की जमानत से फायदा उठाने की सोच रही थी कि केजरीवाल के आने से हरियाणा में उसको फायदा होगा और कांग्रेस को नुकसान होगा । दूसरी तरफ केजरीवाल मुख्यमंत्री दफ्तर नहीं जा पाएंगे, फाइलों पर हस्ताक्षर नहीं कर पाएंगे तो उनके प्रभाव में कमी आएगी । इसी तरह कांग्रेस केजरीवाल की अनुपस्थिति




का फायदा उठाना चाह रही थी । हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी के साथ गठबंधन की कोई रुचि नहीं दिखाई और 90 विधानसभा सीटों में से 10 सीटें भी नहीं दीं । आप पार्टी ने बाद में सभी 90 सीटों पर अपने विधानसभा प्रत्याशी खड़े कर दिए ।

केजरीवाल ने इस्तीफा देकर भाजपा और कांग्रेस दोनों पार्टियों को अमंजस में डाल दिया है । केजरीवाल की जगह अब आम आदमी पार्टी का दूसरा विधायक दिल्ली का मुख्यमंत्री बनेगा । जिससे दिल्ली सरकार के सभी काम सुचारू रूप से चलेंगे और केजरीवाल जनता के बीच जाकर बताएंगे कि वह ईमानदार हैं उन्हें भाजपा ने झूठे मुकदमों में फसाया है । इस्तीफे की नीति आम आदमी पार्टी को आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव में फायदा पहुंचा सकती है । इसी तरह हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस या तो आम आदमी पार्टी से गठबंधन करेगी या फिर नुकसान सहन करेगी । क्योंकि हरियाणा की जनता और किसान केजरीवाल और आम आदमी पार्टी से नाराज नहीं है ।

दिल्ली और पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार है । इसका फायदा आम आदमी पार्टी को मिल सकता है । इसलिए कहा जा सकता है कि केजरीवाल की इस्तीफे की राजनीति दूसरी पार्टियों को परेशान करने वाली है ।

## महाराष्ट्र, झारखंड और हरियाणा विधानसभा चुनाव भाजपा के लिए बड़ी चुनौती

**-इंडिया गठबंधन जीता तो केंद्र की मोदी सरकार के सामने परेशानियां बढ़ेंगी**

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। हरियाणा एवं जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव अक्टूबर, झारखंड और महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव नवंबर-दिसंबर 2024 में होने हैं । चुनाव आयोग चाहता तो चारों प्रदेशों के विधानसभा चुनाव एक साथ भी हो सकते थे । देश में मोदी सरकार को पहले जैसा बंपर बहुमत संसद में नहीं मिला है । प्रधानमंत्री की लोकप्रियता भी घट रही है । दूसरी तरफ संसद में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन दिनों- दिन मजबूत हो रहा है। जैसे चुनाव पूर्व सर्वे के रुझान आ रहे हैं उससे लगने लगा है कि महाराष्ट्र, हरियाणा, झारखंड एवं जम्मू-कश्मीर में भाजपा और उसके साथी दलों की जीत आसान दिखाई नहीं दे रही है । हरियाणा में किसान समुदाय पूरी तरह भाजपा के खिलाफ है । झारखंड में भी स्थिति भाजपा के अनुकूल नहीं है । महाराष्ट्र में इंडिया गठबंधन यदि मिलकर चुनाव लड़ता है तो एनडीए की जीत असंभव दिखाई दे रही है । ध्रुवीकरण की राजनीति नेशनल चैनलों तक दिखाई दे रही है । जनता आपस में लड़ना नहीं चाहती है । यही कारण है कि देश में नफरत की राजनीति ज्यादा सफल होने के अवसर नहीं है ।

इंडिया गठबंधन में जब तक एकता है, तब तक भाजपा को सफलता नहीं मिल सकती है । राहुल गांधी की राजनीति देश की जनता के





द्वारा पसंद की जा रही है । राहुल गांधी रोजगार, महंगाई, आपसी भाईचारा के मुद्दे उठा रहे है एवं दबे कुचले, पिछड़े और गरीब तबके की आवाज बनते जा रहे हैं । ऐसी स्थिति में इंडिया गठबंधन को जनता का समर्थन मिलने की संभावना बढ़ती जा रही हैं । महाराष्ट्र, झारखंड, हरियाणा एवं कश्मीर में भाजपा सरकार नहीं बना पाती है तो केंद्र की मोदी सरकार पर दबाव बढ़ जाएगा । विपक्ष संसद में पहले ही मजबूत स्थिति में है ।

## 'हम शांति से रहना चाहते हैं'

**-मस्जिद का अवैध हिस्सा खुद गिराने को राजी हुआ मुस्लिम पैनल**

शिमला: हिमाचल प्रदेश के शिमला में बीते दिनों संजौली मस्जिद के अवैध हिस्से को गिराने को लेकर स्थानीय लोगों ने जमकर हंगामा किया। 'जय श्री राम' और 'हिंदू एकता जिंदाबाद' के नारे लगाते हुए सैकड़ों प्रदर्शनकारियों की भीड़ ने संजौली बाजार का कूच किया। दोनों पक्षों की झड़प में कई लोग घायल भ हुए थे। पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए लाठी चार्ज किया। अब इस मामले में नया मोड़ सामने आ गया है, स्थानीय मुस्लिम कल्याण समिति ने गुरुवार को शिमला नगर निगम आयुक्त से विवादित मस्जिद के अनधिकृत हिस्से को सील करने का आग्रह किया और अदालत के आदेश के अनुसार इसे ध्वस्त करने की भी पेशकश की। समिति में मस्जिद के इमाम और वक्फ बोर्ड तथा मस्जिद प्रबंधन समिति के सदस्य शामिल हैं।

**नगर आयुक्त को सौंपा ज्ञापन**

पीटीआई की रिपोर्ट के अनुसार, समिति के एक प्रतिनिधिमंडल ने नगर आयुक्त भूपेंद्र अत्री को सौंपे गए एक ज्ञापन में यह अनुरोध किया और कहा कि इलाके में रहने वाले मुसलमान हिमाचल प्रदेश के स्थायी निवासी हैं और समिति सद्भाव व भाईचारे को बनाए रखने के लिए यह कदम उठा रही है। कल्याण समिति के सदस्य मुफ्ती मोहम्मद शफी कासमी ने कहा, 'हमने संजौली में स्थित मस्जिद के अनधिकृत हिस्से को गिराने के लिए शिमला नगर आयुक्त से अनुमति मांगी है।'

**'हम शांति से रहना चाहते हैं'**

संजौली मस्जिद के इमाम ने कहा,



'हम पर कोई दबाव नहीं है, हम दशकों से यहां रह रहे हैं और यह फैसला एक हिमाचली के तौर पर लिया गया है। हम शांति से रहना चाहते हैं और भाईचारा कायम रहना चाहिए।' अत्री ने ज्ञापन मिलने की पुष्टि की है। मस्जिद में अनधिकृत निर्माण के खिलाफ विरोध प्रदर्शन का आह्वान करने वाले देव भूमि संघर्ष समिति के सदस्यों ने इस कदम का स्वागत किया। समिति के सदस्य विजय शर्मा ने कहा, 'हम मुस्लिम समुदाय के कदम का स्वागत करते हैं और व्यापक हित में यह पहल करने के लिए हम सबसे पहले उनका अभिवादन करेंगे।'

**नगर निगम की अदालत में हो रही सुनवाई**

मस्जिद में विवादित ढांचे को गिराने और राज्य में आने वाले बाहरी लोगों के पंजीकरण की मांग कर रहे हिंदू संगठनों ने बुधवार को संजौली बंद का आह्वान किया था। मस्जिद में कुछ मंजिलों के अनधिकृत या अवैध निर्माण के मामले की सुनवाई नगर निगम की अदालत में हो रही है। पिछले बृहस्पतिवार को हिंदू समूहों ने अपनी मांगों को लेकर विधानसभा और संजौली के आसपास के चौरा मैदान में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन किया था।

## रामगढ़ विधायक जुबेर खान का निधन, लीवर ट्रांसप्लांट के बाद से खराब थी तबीयत

राजस्थान के अलवर जिले के रामगढ़ विधायक जुबेर खान का शनिवार 14 सितम्बर 2024 को निधन हो गया है। उन्होंने 61 साल की उम्र में अंतिम सांस ली। विधायक जुबेर खान लंबे समय से बीमार थे और दो दिन पहले ही गुरुग्राम से इलाज कराकर लौटे थे। अलवर के रामगढ़ विधायक जुबेर खान की सुबह तबीयत बिगड़ने के बाद निधन हो गया। विधायक खान के निधन की जानकारी उनकी पत्नी शाफिया जुबेर खान ने फेसबुक अकाउंट पर दी है। पूर्ववर्ती गहलोत सरकार में उनकी पत्नी शाफिया जुबेर इस सीट से विधायक थीं, इस बार जुबेर को उनकी जगह टिकट दिया गया था।

**लीवर ट्रांसप्लांट हुआ था**

मेदांता अस्पताल में इलाज के बाद घर लौटे रामगढ़ विधायक जुबेर खान की तबीयत गुरुवार को बिगड़ गई थी। उनका लीवर ट्रांसप्लांट हुआ था। डॉक्टरों ने उन्हें आराम की सलाह दी थी। पहले चुनाव और उसके बाद विधानसभा सत्र में भी वे सक्रिय बने रहे थे। इसके चलते उनकी तबीयत बिगड़ गई थी। कुछ दिन पहले उन्हें मेदांता हॉस्पिटल में भर्ती किया गया था, जहां से उन्हें जयपुर लाया गया। अभी दो दिन पहले ही वे गुरुग्राम से इलाज करवाकर लौटे थे कि शनिवार सवेरे तबीयत बिगड़ने के कारण उनकी मौत हो गई।

**उपचुनाव के लिए सात सीटें खाली**

जुबेर खान के निधन के साथ ही राजस्थान विधानसभा में अब 7वीं सीट भी उपचुनाव के लिए खाली हो गई है। हाल में उदयपुर की सलूंबर सीट पर बीजेपी विधायक अमृतलाल मीणा का भी निधन हो गया था। राजस्थान में अब चौरासी, खींवसर, दौसा, झुंझुनू, देवली उनियारा, सलूंबर और रामगढ़ सीट उपचुनाव के लिए खाली हैं।



## मुख्यमंत्री जानकी नाथ मंदिर में नए पीठाधीश्वर राजेन्द्र दास जी महाराज की चादरपोशी कार्यक्रम में हुए शामिल

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को सीकर के दांतारामगढ़ क्षेत्र के रैवासा धाम में अग्र पीठाधीश्वर राघवाचार्य जी महाराज के देवलोक गमन पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

शर्मा रैवासा के नए पीठाधीश्वर राजेन्द्र दास जी महाराज की चादरपोशी कार्यक्रम में शामिल हुए तथा माला पहनाकर व शॉल ओढ़ाकर महाराज से आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद धनश्याम तिवाड़ी ने मुख्यमंत्री को रैवासा धाम के प्राचीन इतिहास के बारे में जानकारी भी दी।



इस अवसर पर नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) झाबर सिंह खर्रा, राज्य सैनिक कल्याण बोर्ड अध्यक्ष प्रेम सिंह बाजौर, विधायक गोवर्धन वर्मा, सुभाष मील, पूर्व सांसद सुमेधानंद सरस्वती सहित साधू-संत व जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहें।

रॉयल पत्रिका की ओर से जश्ने ईद मिलादुन्नबी की तेह दिल से मुबारकबाद






# शान से जारी है मिलाद की महफिल, नवाबी दौर में मिलाद के शुरू और आखिर में दागी जाती थी तोपें

**बरकात हसीन**

टोंक (रॉयल पत्रिका)। यहां टोंक में रही ऐतिहासिक नवाबी रियासत के दौर से चली आ रही ईदे मिलादुन्नबी की महफिल आज भी जारी है । यहां नज़र बाग पैलेस में सालों से मिलाद शरीफ की महफिल का आयोजन होता रहा है । महफिले मिलाद आज भी अपने आप में बहुत बड़ा आकर्षण और महत्व रखता है । इस्लामिक कैलेंडर के माहे रबी उल अव्वल यानि सितंबर के इस हफ्ते में 7 दिन तक चलने वाली इस मिलादे महफिल में आज भी काफी संख्या में लोग इसे सुनने के लिए बहुत ही अदब से पहुंचते हैं । उल्लेखनीय है कि टोंक रियासत के चौथे नवाब मोहम्मद इब्राहिम अली खान के दौर से चली आ रही मिलाद की महफिल आज भी टोंक में बहुत अदब के साथ जारी है । नवाब इब्राहिम अली खान के पुत्र और टोंक रियासत के सातवें नवाब इस्माइल अली खान के दौर में भी महफिल ए मिलाद का आयोजन अपने आप में शानो शौकत वाला रहा है । नवाबी रियासत के बाद नवाब इस्माइल अली खान के भांजे साहीबजा़दा अजीजुल हक नजर बाग पैलेस में स्थित अपने महलनुमा घर में आज भी महफिले मिलाद की परंपरा को कायम रखे हुए हैं । सात दिन तक चलने वाली महफिल को लेकर मिठाईयाँ तकसीम (बांटी) जाती है, जिसे शीरनी कहा जाता है। उल्लेखनीय है कि नवाब इब्राहिम अली खान के दौर में नज़र बाग को ईद ए मिलादुन्नबी को लेकर महफिले मिलाद के दौरान नज़र बाग में सोने और चांदी के समान से इसे बहुत खूबसूरत बनाया जाता था और बहुत ही आकर्षक अंदाज में सजावट की जाती थी । जिसे पूरा नज़र बाग पैलेस ज गमगा जाता था, इसकी खूबसूरती और रोशनी देखते ही बनती थी ।नवाब इब्राहिम अली खान के दौर में महफिले मिलाद का वार्षिक बजट तीन लाख रुपये था । रियासत के सातवें नवाब मोहम्मद इस्माइल अली के दौर में भी महफिले मिलाद का आयोजन खूबसूरत अंदाज में कायम रहा । रियासत के दौरान महफिले मिलाद में हजारों की तादाद में हिंदू और मुस्लिम समुदाय के लोगों के अलावा महिलाएं भी छोटे-छोटे बच्चों के साथ शिरकत करती थी । इनके लिए खास इंतजा़म किया जाता था । अपने अलग ही अंदाज में सभी को मिठाईयाँ बांटी जाती थी । बहरहाल नवाबी रियासत के बाद से लेकर आज तक मिलाद पढ़ा जा रहा है । यही नहीं टोंक के किसी भी क्षेत्र में या और दूसरी जगह पर टोंक के लोग अपने-अपने आर्थिक स्थिति के अनुसार मिलाद की महफिल में आयोजित करते हैं । यहां यह भी उल्लेखनीय है कि घरों में आज भी मिलाद की महफिलों में पुरूष मिलाद पढ़ते हैं, महिलाएं भी अपने घरों में मिलाद की महफिले सजाती हैं और अपनी सुरीली और आकर्षक आवाज में मिलाद पढ़ा करती हैं ।



**ऐतिहासिक पहलूः-** ईद ए मिलादुन्नबी की महफिल नवाबी रियासत के चौथे नवाब अमीनुद्दौला वजीरुल मुल्क नवाब सर मोहम्मद इब्राहिम अली खान बहादुर सौलते जंग के दौर से शुरू हुई । नवाब इब्राहिम अली खान का शासन 1867 से 1930 तक के बीच रहा, बाद में सातवें नवाब और नवाब इब्राहिम अली खां के पुत्र अजीजुद्दोला वजीरुल मुल्क नवाब मोहम्मद इस्माइल अली खान बहादुर सौलते जंग के दौर में भी महफिल का महत्व शानौ शौकत बरकरार रही । नवाब इस्माइल अली खान अपने दौर में इस महफिल में बहुत उसूल और पाबंदी से शिरकत करते थे । मिलाद ऊन नबी की पैदाइश की रात में मिलाद शरीफ के शुरू होने से पहले लगभग रात को दस बजे पांच तोपें और पैदाइश के वक्त एक सौ एक तोपें दागी जाती थीं । बहरहाल नवाबों की शानौ शौकत का गवा रहा नज़र बाग में आज भी सात दिन तक चलने वाली यह मिलाद की महफिले आज भी जारी है । दरअसल इस महफिल में मिलाद पढ़ने वालों की एक टीम होती है, जैसे पहले एक साथी हज़रत मोहम्मद की शान में फिर बाद में एक साथ कई साथी अपने सुरीली आवाज में हजरत मोहम्मद साहब की तारीफ में कलाम पढ़ते हैं । यह कलाम नसर और नज्म के रूप में पढ़ा जाता है ।

## केंद्रीय पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री ने किशनगढ़ बास विधानसभा क्षेत्र में किया विभिन्न कार्यों का शिलान्यास एवं उद्घाटन

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। मुख्य अतिथि केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने खैरथल-तिजारा के विधानसभा क्षेत्र किशनगढ़ बास में विभिन्न कार्यों का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया।

केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री ने ग्राम पंचायत भवन आकोली, राजकीय उच्च साथ विद्यालय से पढ़ाई में अव्वल एवं नेशनल स्तर खेल रहे हैंडबॉल खिलाड़ियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। उन्होंने आकोली ग्राम पंचायत में भी आगामी समय में ई-लाइब्रेरी खोलने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि विद्यालय की सुविधाओं में बढ़ोतरी होने के साथ बच्चों को अध्ययन करने में सुविधा मिलेगी। उन्होंने विद्यार्थियों मोहन राम ए और बाबा मोहन राम बी को ब्लॉक में वर्गीकृत करते हुए प्रधानमंत्री द्वारा शुरू किए गए ष्एक पेड़ मां के नामष् अभियान के तहत बृहद स्तर पर वृक्षारोपण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अपनी मां के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए एक पेड़ मां के नाम अभियान से बड़ा कोई अभियान नहीं है।



माध्यमिक विद्यालय मीरका में खेल मैदान, अपूर्ण बरामदा निर्माण कार्य, प्रार्थना स्थल पर इंटरलॉकिंग, परिसर में इंटरलॉकिंग टाइल निर्माण, मोटरसाइकिल स्टैंड निर्माण कार्य, स्टेज टीन शेड़ निर्माण कार्यों का उद्घाटन एवं उप स्वास्थ्य केंद्र मीरका का शिलान्यास किया। मीरका कार्यक्रम पश्चात उन्होंने मीरका स्थित श्याम बाबा मंदिर में पूजा-अर्चना कर देश व प्रदेश की खुशहाली की कामना की।

मंत्री यादव ने कार्यक्रम के दौरान राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मीरका में दो कमरे एवं ई लाइब्रेरी बनवाने की घोषणा के को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि बच्चे देश का भविष्य है तथा कडी मेहनत व द्दढ इच्छा शक्ति के बल पर कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है अतः मन लगाकर अध्ययन कर अपने लक्ष्य को प्राप्त करें तथा अपने माता-पिता के सपनों को साकार कर देश के विकास में अपनी भागीदारी निभाए।

केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि अलवर में भूरा सिद्ध एवं कटी घाटी पर 10 हजार वृक्षारोपण कर नगर वन विकसित किया जा रहा हैं इसी तर्ज पर बाबा मोहन राम स्थित 100 हैकटेयर भूमि पर 50-50 हेक्टेयर के दो स्लॉट बाबा कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पूर्व विधायक रामहेत सिंह यादव ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा ईआरसीपी परियोजना से पेयजल पहुंचाने से पूर्व, वर्तमान में किशनगढ़ बास व 21 गांवों में पानी की समस्या को दूर करने के लिए 77.53 करोड रुपए की पेयजल परियोजना की बजट घोषणा की गई जिसके तहत शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में आमजन को पेयजल आपूर्ति की जाएगी। उन्होंने दिल्ली-बांद्रा गरीब रथ ट्रेन का स्टॉपेज खैरथल रेलवे स्टेशन पर करवाने के लिए आमजन की ओर से केंद्रीय पर्यावरण मंत्री को धन्यवाद ज्ञापित किया।

(तेरा आना सबब है दर्दे-दिले-बीमार का)

तेरे दर पर खड़ा हूं मुन्तजिर दीदार का।
हुई जो दीद तो है ये करम सरकार का।।

अब्र जो आंख से बरसा तेरी ही याद का।
तो चला गया दिल से मौसम ज़िक्रे-यार का ।।

मेरे दिल में न अब यूं दीद की हसरत रही।
हवा ले जाए उड़ा जैसे पत्ता चीनार का।।

शबे-हिजां तो रोकर काट दी तेरी याद में।
कटेगा दिन मेरा कैसे तेरे इन्तजार का।।

सजाया था तसव्वुर में यूं मुस्तकबिल जरा।
बना लिया था नक्शा खुद अपने ही मजार का।।

अयादत को न आ अब तो मुझे सुकून दे।
तेरा आना सबब है दर्दे-दिले-बीमार का।।

पिलाया जाम-ए-तसव्वुफ तू ने' अजीज' को।
दिवाना कर दिया है उसे लबो-रुखसार का।।



**स्वरचित : अब्दुल अज़ीज़**
**8114456065**
**झालावाड (राज,)**

## चारबेत ने जमाया रंग, कैप्टन शमशेर, माकुल नदीम व अली सहित कईयों का किया जाएगा सम्मान

टोंक (रॉयल पत्रिका)। यहां मुख्य बाजार में स्थित कचहरी के पास नायब साहब की नाल में ब्युटी मैरीज हाल के अंदर चार बेत कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस मौके पर काली पलटन क्षेत्र की चारबेत पार्टी सितारा ए हिंद और पुरानी टोंक क्षेत्र की चारबेत पार्टी शान हिंद पार्टी के उस्तादों का सम्मान किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व क्रिकेटर शाईर और शहर की मशहूर हस्ती कैप्टन साहीबजा़दा शमशेर खान शाहीन ने की । टोंक नवाब आफताब अली खान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे । चारबेत पार्टियों ने मुराद सईदी सहित कई शहरों द्वारा लिखी गई चारबेते पेश कर वाह वाही लूटी । सितारा हिंद पार्टी के उस्ताद मोहम्मद अयूब बाबा तथा शान हिंद पार्टी के उस्ताद मोहम्मद आसिफ पार्षद को साफा पहनाकर, शाल औड़ाकर, प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया गया । कार्यक्रम का संचालन



शाईर ज़िया टोंकी ने किया । आयोजक फईमुद्दीन मुराद ने सभी अतिथियों का स्वागत किया । इस मौके पर हामिद अली खान, शिक्षाविद लेखक डॉक्टर सैयद माकूल नदीम, सलीमुद्दीन खान, सैयद अयान अली, सैयद साजिद अली, अल्ताफ हुसैन सहित लोग शामिल थे । आने वाले दिनों में अखिल भारतीय मुशायरा और उर्दू सेमिनार का आयोजन किया जाएगा । मुराद सईदी शख्स और शाईर जैसे विषय पर सेमिनार में उर्दू विद्वान अपने शोध पत्र पढ़ेंगे । इस मौके पर राजस्थान से बाहर दिल्ली के कई मेहमानों को भी आमंत्रित किया गया है । जो इन कार्यक्रमों में खास अतिथियों के रूप में रहेंगे । कार्यक्रम के दौरान कैप्टन साहिबजा़दा, शमशेर खान, डॉक्टर रिफत अख्तर, शहनाज फातिमा, मेहदी टोंकी को मुराद सईदी अवार्ड 2024 प्रदान किया जाएगा । जबकि उर्दू साहित्य में लेखन में अपना योगदान देने पर शिक्षाविद लेखक डॉक्टर सैयद माकूल अहमद, नदीम सैयद साजिद अली इफ्तिखारउद्दीन शाह व सआदत रईस को भी सम्मानित किया जाएगा ।

## राजस्थान शिक्षक संघ (अंबेडकर) ने उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बेरवा को मांग पत्र सौंपा

भरतपुर (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान शिक्षक संघ (अंबेडकर) के प्रतिनिधि मंडल में प्रदेश शिक्षक नेता पूर्व प्रदेश महामंत्री सुरेश कुमार देशबंधु के नेतृत्व में माननीय उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बेरवा को 11 सूत्री मांग पत्र का ज्ञापन निवास स्थान जयपुर में सौंपा गया जिसमें प्रमुख मांग तृतीय श्रेणी शिक्षकों का स्थानांतरण करना थर्ड ग्रेड शिक्षकों एवं सेकंड ग्रेड शिक्षकों की डीपीसी करना, ops,लागू करना, आंगनबाड़ी कर्मचारी को स्थाई करे या वेतन 25000/रुपए करना टीएसपी क्षेत्र से नॉन टीएसपी क्षेत्र में शिक्षकों को लगाना शारीरिक शिक्षकों को टीएसपी से नॉन टीएसपी



पुराने आदेश के अनुसार उन्हें पुनः लगाना सभी वर्गों के विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति बढ़ाना सभी महान पुरुषों की तस्वीर है एवं जयंतियां विद्यालय में मनाना रोस्टर रजिस्टर लागू कर बेक लॉग भरना आदि मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान प्रदेश शिक्षक नेता सुरेश कुमार देशबंधु, मुकेश कुमार पीपल संभाग उपाध्यक्ष भरतपुर, विकास आर्शिवाल, अश्विन कुमार तुरानिया ,नरेंद्र कुमार, महेंद्र वर्मा ,सुभाष चन्द्र आदि शिक्षक सदस्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# ग़ज़ल

तमाम उम्र तेरे जुल्म सहने आए हैं
मेरे हजुर तुम्हें क़बूल कहने आए हैं

तू मेहताब ऐहले शहर दिल ही सही
मेरा कलेजा देख तुझसे मिलने आए हैं

सुबहोशाम ज़हन से निकल ना पाया तू
ये इशारे हैं क्या जो बर्बाद कर ने आए हैं

वो इक आवाज़ मुसलसल सुनाई देती है
भुला सके ना वो लम्हात मिलने आए हैं

तुम्हें बताया नहीं आज तेरी मेहफिल में
गुज़िश्ता साल के परवाने जलने आए हैं

मेरी सज़ा थी मेरी मौत हो गई अब क्यों
अदीबे इश्क़ दास्तान लिखने आए हैं

चलो तर्वोतआल्लुक का सह लिया सदमा
बहारों अब क्यों यह फूल खिलने आए हैं

तेरी बाहों में कई नाम के चर्चे हैं साहब
संभल जा तू तुझे बदनाम करने आए हैं

**मौलिक रचना:- फ़ज़लुर्रहमान**
**मोबाइल नं 9828668877**

## ऑपरेशन "क्लीन स्वीप" के तहत ड्रग्स माफियाओं के खिलाफ थाना चौमू एवं भांकरोटा में कार्यवाही


जयपुर (रॉयल पत्रिका)। पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसफ के मार्गदर्शन में जयपुर शहर में अवैध नशा तस्करों के खिलाफ चलाये जा रहे ऑपरेशन "क्लीन स्वीप" के तहत अति. पुलिस आयुक्त (प्रथम), कैलाश चन्द बिश्नोई के निर्देशन जयपुर शहर में अवैध 1. सुरेन्द्र कुमार पलसानिया पुत्र भगवान सहाय 2. अमरसिंह मीणा पुत्र सुरज्ञानी मीणा 3. अंकित ढाबी पुत्र दिनेश ढाबी को गिरफ्तार कर आरोपित के कब्जे से कुल अवैध मादक पदार्थ स्मैक 42 ग्राम. 964 मिलीग्राम एवं परिवहन में प्रयुक्त 01 दुपहिया एवं 01 चौपहिया 2. अमरसिंह मीणा पुत्र सुरज्ञानी मीणा को गिरफ्तार कर आरोपित के कब्जे से अवैध मादक पतार्थ स्मैक 32 ग्राम 900 मिलीग्राम एवं परिवहन में प्रयुक्त चौपहिया वाहन नम्बर आरजे 45 सीई 8756 करने में सफलता अर्जित की गयी। उक्त कार्यवाही के संबंध में पुलिस थाना







मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ कार्यवाही करने हेतु अरशद अली, पुलिस उपायुक्त (अपराध) आयुक्तालय जयपुर. रणवीर सिंह, अति. पुलिस उपायुक्त, संगठित अपराध, आयुक्तालय जयपुर के निकट सुपरविजन में C.S.T. आयुक्तालय जयपुर की टीम के राजेश कुमार सिंह, एवं भवानी सिंह, पुलिस निरीक्षक के नेतृत्व में टीम द्वारा अवैध मादक पदार्थ तस्करों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुये आसूचना संकलन कर सूचनाओं पर पुलिस थाना चौमू एवं भांकरोटा जयपुर (पश्चिम) की टीम के साथ पृथक-पृथक कार्यवाही करते हुये अवैध मादक पदार्थ स्मैक तस्कर







वाहन बरामद करने में सफलता अर्जित की गयी।

प्रथम कार्यवाही टीन द्वारा पुलिस थाना चौमू जयपुर (पश्चिम) की टीम के साथ संयुक्त कार्यवाही करते हुये अवैध मातक पतार्थ स्मैक तस्कर 1. सुरेन्द्र कुमार पलसानिया पुत्र भगवान सहाय चौमू जयपुर (पश्चिम) में प्रकरण संख्या 557/2024 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट में दर्ज किया गया। उक्त कार्यवाही में सीएसटी से हैड कानि. मौहम्मद मरगूब, कानि. मधुवन एवं जगतीश प्रसाद की अहम भूमिका रही।

आरोपित से अवैध मादक पदार्थ स्मैक की प्राप्ति स्त्रोत एवं सप्लायार के सम्बन्ध में पुलिस थाना दौलतपुरा जयपुर (पश्चिम) में पूछताछ एवं अनुसंधान जारी है।

## राधा जन्मोत्सव के उपलक्ष में विशाल शोभायात्रा का हुआ आयोजन

सांगानेर (रॉयल पत्रिका)। सांगानेर में गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी वर्षों से निकाली जा रही विशाल शोभा यात्रा हाथी, घोड़ा, पालकी, बैंड़ ,बाजों के साथ धूमधाम से पूरे सांगानेर में निकाली गई। भक्तजनो का उत्साह अपनी परम सीमा पर था। सिटी एस बस स्टैंड सांगानेर पर गणमान्य लोगों का सम्मान किया गया। अंत मे भगवान की आरती की गई। इस अवसर पर सांगानेर की जनता ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। विनोद कुमार शर्मा



सहायक पुलिस आयुक्त सांगानेर के नेतृत्व में पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। श्री हित समाज मंडल संस्था ने विनोद कुमार शर्मा सहायक पुलिस आयुक्त सांगानेर का सम्मान किया।

## डॉ. अभिमन्यु सिद्ध दे रहे हैं हिंदी भाषा को बढ़ावा

अलवर (रॉयल पत्रिका)। गुलामी की मानसिकता को दूर करने के लिए पिछले तीन वर्षों से सीएचसी टहला के डॉक्टर अभिमन्यु सिद्ध अनूठा प्रयास कर रहे हैं। इस दिशा में डॉक्टर सिद्ध मातृभाषा हिंदी को बढ़ावा देने के लिए मरीजो को दवाइयां हिंदी में लिख रहे हैं। उनका मानना है कि अंग्रेजी की मानसिकता के कारण हमारी मातृभाषा हिंदी का प्रयोग करने वालों को आज हीन द्दष्टि से देखा जाता है। इसी मानसिकता को बदलने के लिए मरीजों को दवाइयां हिंदी में लिख रहे हैं। इसका एक फायदा यह भी हो रहा है कि ग्रामीण परिवेश के मरीजों को अपने बीमारी एवं दवाइयां आसानी से समझ आ रही है तथा उन दवाइयां का प्रयोग कैसे करना है उसे भी मरीज आसानी से समझ पा रहे हैं। वही दूसरी और डॉ सिद्ध के इन प्रयासों से स्व का भाव जागृत हों रहा हैं जिससे अपनी मातृभाषा हिंदी के प्रति स्वाभिमान की भावना विकसित हों रही हैं। साथ ही इन प्रयासों से ग्रामीण वासियों में भी अपनी मातृभाषा के प्रति सम्मान एवं गर्व का भाव विकसित हों रहा हैं।


## रॉयल पत्रिका को पेमेंट करने का तरीका

**रॉयल पत्रिका में भुगतान नकद या चेक द्वारा रॉयल पत्रिका के पंजाब नेशनल बैंक, त्रिपोलिया बाजार, जयपुर के खाता संख्या 1939002100241695 में या पंजाब नेशनल बैंक की किसी भी नजदीकी शाखा में जमा करवा सकते हैं अथवा IFSC Code PUNB0193900 पर भी भुगतान नेट बैंकिंग के द्वारा कर सकते हैं। आपके सहयोग के लिए धन्यवाद ।**

**-संपादक**

Scan Here

# जयपुर के मदरसों में हिंदी दिवस मनाया गया

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी अभिषेक सिद्धा के निर्देशानुसार शनिवार 14 सितंबर को राजधानी जयपुर के सभी मदरसों में हिंदी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मदरसे में शिक्षकों ने विधार्थियो को हिंदी भाषा का इतिहास बताते हुए छात्रों के जीवन में इसकी आवश्यकता एवं महत्व बताए। मदरसों में हिंदी भाषा में निबंध एवं भाषण प्रतियोगिता के साथ अन्य गतिविधियां भी आयोजित की गई। वही इस मौके पर जयपुर के खो नागोरियान स्थित मदरसा कौसर पब्लिक स्कूल में भी जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी के निर्देशानुसार हिंदी दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर मदरसे के छात्र-छात्राओं ने हिंदी में कविता और कहानी सुनाई एवं सुलेख प्रतियोगिता आयोजित की गई। पांचवीं कक्षा की छात्रा इल्मा ने हिंदी दिवस पर भाषण दिया। वहीं तीसरी से पांचवी के छात्र छात्राओं के लिए कविता, निबंध और नारा लेखन प्रतियोगिता करवाई गई। शिक्षा अनुदेशक कुलदीप सिंह राजावत ने बताया कि भारत की पहचान विदेशों में हिन्दी से होती है हिन्दस्तान के हर हिस्से में हिन्दी बोली जाती है उन्होंने कहा कि हिन्दी का प्रकाश सम्पूर्ण देश में फैलाना चाहिए। इस मौके पर मदरसे के बच्चे और समस्त शिक्षक -शिक्षिकाएं मौजूद रहे।



"इस अवसर पर हमने मदरसे के विद्यार्थियों को हिंदी का शुद्ध उच्चारण एवं शुद्ध लेखन पर ध्यान देने के लिए प्रेरित किया। साथ ही हिंदी पढ़ो, हिंदी लिखो, हिंदी बोलो एवं हिंदी पर गर्व करो का नारा भी दिया।गुलामी की मानसिकता को दूर करने के लिए हमें दैनिक जीवन में हिंदी भाषा का प्रयोग करना चाहिए। इससे एक ओर स्व का भाव जागृत होंता हैं जिससे अपनी मातृभाषा हिंदी के प्रति स्वाभिमान की भावना विकसित होंती हैं। वही दूसरी ओर अपनी मातृभाषा के प्रति सम्मान एवं गर्व का भाव भी विकसित होंता हैं।"- **अभिषेक सिद्धा**

# वक्फ बिल के विरोध में अल्पसंख्यक समुदाय के वकील

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। मोती डूंगरी रोड पर स्थित मुस्लिम मुसाफिरखाना में शनिवार को माइनोरिटी एडवोकेट्स एसोसिएशन की ओर से वक्फ अधिनियम संशोधन 2024 के विरोध में परिचर्चा का आयोजन किया गया। मुस्लिम मुसाफिर खाना में हुए आयोजन में बड़ी संख्या में वकील व अन्य सामाजिक कार्यकर्ता जुटे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व जिला न्यायधीश मोहम्मद हनीफ खान, बार काउंसिल आफ राजस्थान के पूर्व चेयरमैन सय्यद शाहिद हसन, एसोसिएशन ऑफ प्रोटेक्शन ऑफ सिविल राइट राजस्थान चेप्टर के चेयरमैन सैयद सआदत अली और सचिव मुनाजिर इस्लाम, ट्रांसपोर्ट नगर गुरुद्वारा के प्रधान सरदार तरविंदर सिंह, डॉ. अंबेडकर अधिवक्ता वेलफेयर संस्थान के प्रदेश अध्यक्ष हितेश राही ओर सदस्य बाबूलाल बैरवा तथा मुस्लिम प्रोग्रेसिव फेडरेशन के संयोजक अब्दुल सलाम जोहर ने की, सभी ने एक सुर में भारत सरकार के वक्फ संशोधन अधिनियम 2024 का विरोध किया। माइनोरिटी एडवोकेट एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष एडवोकेट इकरामुल्लाह खान ने कहा कि यह संशोधन मुस्लिम समाज के संवैधानिक अधिकारों



पर कुठाराघात कर रहा है। इस संशोधन कानून से सीधे रूप में अल्पसंख्यक मुस्लिम समाज प्रभावित होगा इसके दुष्परिणाम मुस्लिम समाज की भावी पीढ़ी को भुगतने पड़ेंगे।

इस मौके पर द बार वक्फ बोर्ड एसोसिएशन जयपुर के महासचिव ने सभी अधिवक्ताओं को बुलाया और सम्मान दिलाया। इस मौके पर मीडिया से बातचीत करते हुए एडवोकेट सिराजुद्दीन बादशाह ने बताया कि हमारी केंद्र सरकार से अपील है कि वक्फ बिल में कोई संशोधन ना किया जाए। अल्पसंख्यक समुदाय इस बिल का विरोध करता है, इसे वापस लिया जाए। ये संपत्ति वो है जिसे हमारे बुजुर्गों ने अल्लाह के नाम पर दान दिया है। एडवोकेट सिराजुद्दीन बादशाह ने बताया कि कहीं भी वक्फ की संपत्ति में कोई अवैध जमीन दर्ज नहीं की गई है। इस्लाम धर्म के अनुसार वक्फ में अवैध जमीन को स्वीकार ही नहीं किया जा सकता है।

इसलिए हमारे बुजुर्गों की संपत्ति को सरकार अपने कब्जे में लेना चाहती है जो कि सरासर गलत है।हम इस बिल का शुरू से विरोध कर रहे हैं।अल्पसंख्यक विकास संस्था के प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद असलम खान एडवोकेट, द वक्फ बोर्ड बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अब्दुल वाहिद नकवी एडवोकेट, सचिव सिराजुद्दीन बादशाह एडवोकेट, महिला अधिवक्ता उजमा परवीन व अकबर अली एडवोकेट ने भी अपने विचार रखे।

# जेडीए द्वारा रोड एम्बुलेंस से त्वरित गति से किया जा रहा है पेच रिपेयर कार्य

जयपुर ( रॉयल पत्रिका )। स्वायत्त शासन, नगरीय विकास एवं आवासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा महोदय के मार्गदर्शन में जयपुर विकास आयुक्त आनन्दी के निर्देशन में आमजन की सुविधार्थ जयपुर शहर में वर्षा एवं अन्य कारणों से क्षतिग्रस्त सड़कों को रोड़ एम्बूलेन्स द्वारा (Infared Reycling- Mobile machine) तकनीक से कार्य तीव्र गति से करवाया जा रहा है।

जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा वर्षा एवं अन्य कारणों से क्षतिग्रस्त सडकों के पेच रिपेयर/ मरम्मतीकरण, सुदृढीकरण एवं सुधारीकरण आदि कार्यो के तहत पीआरएन (दक्षिण) क्षेत्र में वन्दे मातरम रोड पर रोड एम्बूलेन्स द्वारा (Infared Reycling- Mobile machine) तकनीक से पेच रिपेयरिंग कार्य किया जा रहा है।

इस तकनीक में मुख्य सड़क पर लगभग 2.0x1.0 के पेच कार्य की सफाई करके बिटुमन मिक्स को पोट होल्स में डाला जाता है एवं 130 डिग्री-180 डिग्री पर हीटर द्वारा गर्म किया जाकर प्लेट करब्रेटर compalton किया जाता है। इसके पश्चात ट्रैफिक के लिए खोल दिया जाता है। इस



तकनीकी से कम समय में अच्छी गुणवत्ता का, सतह से फ्लस करते हुए पेच रिपेयर का कार्य किया जाता है।

# होटल मेरियट के पीछे जेडीए की 3200 वर्गमीटर भूमि को कराया अतिक्रमण मुक्त

जयपुर ( रॉयल पत्रिका )। जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-4 में होटल मेरियट के पीछे जविप्रा की योजना एयरपोर्ट प्लाजा एक्सटेंषन ए ब्लॉक में जेडीए स्वाामित्व की 3200 वर्गमीटर बेषकीमती भूमि को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। साथ ही टोंक रोड़ लखनपुरी कॉलोनी के भूखण्ड संख्या-19 व 21 के सामने 30 फीट सड़क सीमा को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। मुख्य नियंत्रक प्रतर्वन महेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि जोन-04 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित टोंक रोड़ होटल मेरियट के पीछे जविप्रा की योजना एयरपोर्ट प्लाजा एक्सटेंषन ए ब्लॉक में जेडीए स्वामित्व की 3200 वर्गमीटर बेषकीमती भूमि पर अतिक्रमणकर्ताओं द्वारा थडियां, 03 झोपडियां लगाकर इत्यादि अवैध निर्माण-अतिक्रमण करने पर अतिक्रमणकर्ता को धारा 72 जेडीए के एक्ट के तहत नोटिस जारी कर अवैध कब्जा-अतिक्रमण हटाने हेतु पाबंद किया गया था। परन्तु अतिक्रमणकर्ता द्वारा अवैध कब्जा-अतिक्रमण नही हटाये जाने पर सक्षम स्तर से स्वीकृति प्राप्त कर आज जोन-04 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मषीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर उक्त जेडीए स्वामित्व के भूखण्ड की बेषकीमती भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया जाकर जेडीए सम्पति के बोर्ड लगवाये गये। जेडीए द्वारा जोन-04 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित टोंक रोड़ लखनपुरी कॉलोनी के भूखण्ड संख्या 19 व 21 के सामने 30 फीट सड़क सीमा पर अतिक्रमणकर्ताओं द्वारा 03 कमरें, लेथबाथ, दुकान इत्यादि अवैध निर्माण अतिक्रमण करने पर अतिक्रमणकर्ता को धारा 72 जेडीए के एक्ट के तहत नोटिस जारी कर अवैध कब्जा-अतिक्रमण हटाने हेतु पाबंद किया गया था। परन्तु अतिक्रमणकर्ता द्वारा अवैध कब्जा-अतिक्रमण नही हटाये जाने पर सक्षम स्तर से स्वीकृति प्राप्त कर आज जोन-04 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मषीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर 30 फीट सड़क सीमा को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। उक्त कार्यवाही उपनियंत्रक प्रवर्तन-द्वितीय, प्रवर्तन अधिकारी जोन-04, 01 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई।

# जयपुर की चारदीवारी क्षेत्र में गंदी गलियों से फैल रहा है डेंगू

## -जब तक गलियां साफ नहीं होंगी तब तक मलेरिया डेंगू का बुखार महामारी बन सकता है ।
## -नगर निगम जब तक गंदी गलियां साफ करने का टेंडर नहीं देगा तब तक यह गलियां गंदी ही रहेंगी।

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। प्रदेश में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता सेवा अभियान चलाया जाएगा । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को सीएमओ में संभागीय आयुक्त एवं जिला कलेक्टर को स्वच्छता सेवा अभियान को सफल बनाने के आदेश दिए और साथ में विकास कार्यों को निर्धारित समय में पूरा करने के भी निर्देश दिए । जयपुर में नवंबर महीने में इन्वेस्टर मीट का आयोजन होगा, जिसमें विदेश से बड़े-बड़े उद्योगपति और राजनीतिक हस्तियां आएंगी । यदि ऐतिहासिक चारदीवारी क्षेत्र का इन उद्यमियों ने भ्रमण किया तो जयपुर शहर एवं राजस्थान प्रदेश के बारे में इनका क्या अनुभव होगा ! क्या प्रदेश में बड़े उद्यमी इन्वेस्ट कर पाएंगे ? क्योंकि जयपुर की चारदीवारी क्षेत्र में गंदी गलियों की बड़ी संख्या है । घनी आबादी वाला यह क्षेत्र गंदगी से सड़ी गलियों के कारण बदबू से लोगों को बीमार कर रहा है ।



### डेंगू और मलेरिया का प्रकोप बड़ा-

चारदीवारी क्षेत्र में गंदी गलियों की संख्या हजारों में है । इस वर्ष अच्छी बरसात होने के कारण गलियों में भरा कचरा सड़ांध मारने लगा है । यहां के लोगों का रहन-सहन ऐसा है कि वह अपने घर का कचरा अपने बगल की गली में डालना पसंद करते हैं । निकम्मे नगर निगम कर्मचारी और पार्षदों की छोटी राजनीति के चलते गलियों में कचरा डालने वालों पर कोई कार्रवाई नहीं होती है । गंदी गाली के एक भी पड़ोसी का आज तक नगर निगम अधिकारियों ने चलाना नहीं किया है। इसलिए गंदगी फैलाने वालों में कोई डर नहीं है।यह गंदी गलियां अब लोगों के लिए मुसीबत बनती जा रही है । मच्छरों की बढ़ती संख्या के कारण रात भर लोग सो नहीं पा रहे हैं और साथ में मलेरिया और डेंगू के मरीज अस्पताल में बढ़ने लगे हैं । यदि गंदी गालियों की सफाई समय रहते नहीं हुई तो मलेरिया और डेंगू की बीमारी महामारी का रूप ले लेगी ।



### जब तक गंदी गलियों के टेंडर नहीं तब तक सफाई नहीं !

आबादी क्षेत्र में गंदगी के कारण मच्छरों की संख्या दिनों दिन बढ़ती जा रही है । मलेरिया डेंगू के कारण छोटे-छोटे बच्चे, बड़े, महिला, पुरुष दिनों दिन चपेट में आ रहे हैं । नगर निगम के अधिकारी और कर्मचारी एवं पार्षदों के पास सिर्फ एक ही जवाब है कि जब तक गलियों की सफाई के टेंडर नहीं होंगे, तब तक सफाई नहीं होगी । नगर निगम हेरिटेज में सफाई व्यवस्था पहले से ही चरमराई हुई है । गलियां साफ नहीं होने के कारण बीमारी भी फैल रही है । मलेरिया डेंगू से बचने के लिए निगम को चाहिए कि गलियां आपात स्थिति में तुरंत साफ करवानी चाहिए । लेकिन अपने चेहतों को टेंडर देने के लिए महीनो लगा दिए जाएंगे । जब तक गंदी गलियां साफ नहीं होगी, तब तक शहर के सैकड़ो बच्चे, बुजुर्ग मलेरिया डेंगू से अपनी जान गंवा बैठेंगे । यहां की जनता इतनी जागरूक है नहीं जिसके कारण आंदोलन चलाया जाए और गंदी गलियां साफ होने लगे । हालांकि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता अभियान चलाने के लिए निर्देश दिए हैं । लेकिन अभियान में गंदी गली साफ नहीं हो पाएंगी और बीमारी फैलती रहेगी । फिर भी नगर निगम अधिकारी ढोल पीटेंगे कि सफल स्वच्छता अभियान चलाया गया।

# वक़्फ़ बिल दुर्भाग्यपूर्ण और बदले की भावना वाला, केंद्र सरकार बिल वापस ले - एस डी पी आई राजस्थान

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। दिनांक 13 सितंबर 2024 को सौशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया (एस डी पी आई) राजस्थान ने खिलाफ़ बड़े प्रदर्शन कर बिल को नामंज़ूर कर वापस लिए जाने की मांग की। शुक्रवार दोपहर 2.30 बजे प्रदेश के जयपुर, कोटा, बारां, पर्सनल लॉ बोर्ड के द्वारा जारी किये गए क्यू आर कोड पर भी लोगों से बिल के विरोध में आपत्ति के ई मेल करवाए, कई जगहों पर




अपनी पार्टी के राष्ट्रव्यापी प्रदर्शन कार्यक्रम के अनुरूप राजस्थान प्रदेश के कई ज़िलों में 13 सितंबर 2024 को केंद्र सरकार द्वारा वक़्फ़ संपति से जुड़े बिल के संशोधन के भीलवाड़ा, टोंक और झालावाड़ सहित अन्य शहरों में एस डी पी आई के कार्यकर्ता सड़कों पर उतरे और वक़्फ़ बिल के विरोध के साथ साथ ऑल इंडिया मुस्लिम इस संशोधन बिल की प्रतियाँ भी जलाई और यदि बिल वापस नहीं लिया तो इसको आंदोलन बना कर पार्टी सड़को पर आकर और भी बड़े प्रदर्शन करेगी।

# हेरिटेज निगम कर रहा शहर की रात्रिकालीन सफाई पर विशेष फोकस

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। सभी जोन में माउंटेड ट्रेक्टर से नाइट स्विपिंग कर सड़क और डिवाइडर की जा रही साफ। निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा ने किया देर रात निरीक्षण, किशनपोल जोन इलाके में बारिश से क्षतिग्रस्त सड़क पर किए जा रहे पेचवर्क कार्य का भी किया निरीक्षण। आठ घंटे लगातार चल रही है रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था । ऐसे में आयुक्त सुराणा ने देर रात तीन बजे किया औचक निरीक्षण

किशनपोल जोन एक्सईएन आशीष गर्ग, गैराज शाखा उपायुक्त बलराम मीणा सहित अन्य अधिकारी भी साथ दे मौजूद।



# होली फैमिली हॉस्पिटल अंबाबाड़ी में मेडिकल आईसीयू का उद्घाटन

जयपुर ( रॉयल पत्रिका ) । होली फैमिली हॉस्पिटल, अंबाबाड़ी में रविवार को मेडिकल आईसीयू का भव्य उद्घाटन किया गया। इस कार्यक्रम में हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. पंकज अग्रवाल और मुख्य अतिथि आयुष के एडिशनल डायरेक्टर डॉ. शौकत साहब ने फीता काटकर इस नई सुविधा का उद्घाटन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रोबा के अध्यक्ष डॉ. फरहत चौधरी ने की, जबकि संचालन की जिम्मेदारी डॉ. आफताब नकवी ने संभाली। उद्घाटन समारोह में चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े कई नामी डॉक्टरों ने



भाग लिया, जिनमें डॉ. कलीम, डॉ. फिरोज़, डॉ. ओवैस, डॉ. नसीम, डॉ. बाबू उबैद, डॉ. फैयाज मलिक, डॉ. हारून, डॉ. रऊफ, डॉ. सिराजुल हक, डॉ. फैजान हुसैन, डॉ. फहीम मलिक, और डॉ. शाहिद प्रमुख थे। साथ ही आयुष के 60 डॉक्टर भी इस कार्यक्रम में मौजूद रहे। समारोह के अंत में रोबा के उपाध्यक्ष डॉ. मकबूल अहमद, होली फैमिली हॉस्पिटल के सीईओ देवकीनंदन सैनी और एहसान उल्लाह खान ने सभी डॉक्टरों का धन्यवाद किया और इस नई सुविधा के महत्व पर प्रकाश डाला।

# मोहम्मद अकील प्रदेश संगठन महासचिव नियुक्त

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। अखिल भारतीय असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस (केकेसी) के राष्ट्रीय चेयरमैन डॉ. उदित राज ने 13 सितंबर को केकेसी राजस्थान के प्रदेश व जिले स्तर के नए पदाधिकारियों की नियुक्ति हेतु स्वीकृति दी है। इसमें जयपुर निवासी अकील अहमद को प्रदेश संगठन महासचिव नियुक्त किया गया है। मोहम्मद अकील ने इस मौके पर पार्टी आलाकमान, डॉक्टर उदित राज एव सूरजमल कर्दम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह संगठन की मजबूती के लिए सदैव कार्य करते रहेंगे। जयपुर के खो नागोरियान निवासी मोहम्मद अकील बीते काफी समय से केकेसी से जुड़े हुए हैं और लगातार संगठन विस्तार और संगठन की मजबूती के लिए कार्य करते आ रहे हैं। इस मौके पर उन्होंने पार्टी का आभार व्यक्त किया। वही डॉ उदित राज ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित कीं।



# जयपुर पुलिस ने दिन दहाड़े मारपीट कर फिरौती के लिये अपहरण करने वाली वारदात का किया खुलासा

## -राजापार्क ए. सी. मार्केट के पास से एक व्यक्ति से मारपीट कर उसके साथी नाबालिग लडके का अपहरण करने वाले आरोपीगण को किया बापर्दा गिरफ्तार

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व कावेन्द्र सागर आई.पी.एस. ने बताया कि 11 सितम्बर 2024 को पुलिस थाना आदर्श नगर, जयपुर पूर्व पर राजापार्क से मारपीट कर एवं लडके का अपहरण कर लिये जाने की सूचना मिलने पर थानाधिकारी पुलिस थाना आदर्श नगर को उक्त सूचना पर त्वरित कार्यवाही कर अपने को सकुशल दस्तयाब करने हेतु निर्देशित किया गया, थानाधिकारी व उनकी टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए अपहर्त लड़के की तलाश की गई, तथा आरोपीगण का पीछा किया गया, तो आरोपीगण ने पकड़े जाने के डर से अपहर्त लड़के को कुछ ही समय मे सकुशल छोड दिया, जिसे पुलिस टीम द्वारा दस्तयाब किया गया तथा इस संबंध में अपहर्त लड़के के परिजनों द्वारा रिपोर्ट पेश करने पर प्रकरण संख्या 287/24 धारा 140 (2),142 बीएनएस में दर्ज किया गया। दिन दहाडे राजापार्क जैसे पोश व्यवसायिक क्षेत्र में घटित हुई इस तरह की घटना की गम्भीरता को देखते हुए थानाधिकारी पुलिस थाना आदर्श नगर जयपुर को उक्त वारदात को अन्जाम देने वाले आरोपीगण की शीघ्र पतारसी कर उनकी गिरफ्तारी के निर्देश दिये गये।

उक्त निर्देश की पालना में अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व आशाराम चौधरी आर.पी.एस., सहायक पुलिस आयुक्त आदर्श नगर जयपुर पूर्व सुश्री लक्ष्मी सुथार आर. पी.एस के सुपरविजन मे थानाधिकारी पुलिस थाना आदर्श नगर सुभाष चंद पुलिस निरीक्षक के नेतृत्व में पुलिस थाना आदर्श नगर पर एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया।

चूंकि घटना को अन्जाम देने वाले आरोपीगण अन्जान थे, और ना ही अपहर्त लडका व उसका साथी उनका नाम पता जानते थे, एसी परिस्थिति में आरोपीगण की पहचान करना पुलिस टीम के लिये बडी चुनौती थी, परन्तु उक्त चुनौती को स्वीकारते हुए गठित पुलिस टीम द्वारा घटना स्थल व आस पास लगे सीसीटीवी कैमरों की रिकार्डिंग तथा अपहर्त / दस्तयाब शुदा बालक के बताये गये मार्ग पर लगे सीसीटीवी कैमरों की रिकार्डिंग देख कर तथा जहां पर अपहर्त लडके को ले जाया गया उस स्थान के आस पास से जानकारी जुटाकर प्रकरण की घटना को अन्जाम देने वाले



आरोपीगण की पहचान की जाकर तलाश की गई। दौराने तलाश कल दिनांक 14-9-24 को चार आरोपीगण को उनके छुपने के स्थान से दस्तयाब किया गया एंव गहन अनुसंधान किया गया तथा प्रकरण की घटना कारित करने में शरीक होना पाये जाने पर बापर्दा गिरफ्तार किया एंव एक बाल अपचारी को निरुद्ध किया गया। गिरफ्तार शुदा आरोपीगण से अनुसंधान जारी है व अन्य वाछिंत आरोपीगण की तलाश जारी है।

अपहरण करने कारण

प्रकरण में अपहर्त नाबालिग लडका व उसका साथी राजापार्क में एक खाने पीने की दुकान पर अक्सर आते थे, तथा वहां पर मोबाईल फोन से आनलाइन काम धन्धा करते थे, वहीं पर आरोपीगण भी चाय व सिगरेट आदि पीने आते थे, आरोपीगण ने अपहर्त नाबालिग लडका व उसका साथी का इस तरह मोबाईल फोन पर आनलाइन काम धन्धा करते देख कर उनके दद्वारा काफी रुपया कमाने का आईडिया लगाकर उनका अपहर्ण कर रुपये ऐंठने की मन्शा से मारपीट कर अपहर्ण किया गया, वक्त घटना नाबालिग लड़के का साथी मौका पाकर छुड़ाकर भाग कर किसी अन्य मकान में छुप गया, जिससे उसका अपहरण होने से बच गया।

नाम पता गिरफ्तार शुदा आरोपीगणः-

1. दिलशाद उर्फ डी. के. पुत्र बादशाह उम्र 22 साल जाति मुसलमान निवासी कब्रिस्तान के सामने भूरिया की प्याउ, थाना आदर्श नगर, जयपुर।
2. फाईन अहमद पुत्र अब्दुल रसीद उम्र 23 साल निवासी मकान नम्बर ए-1, नियर ग्रीन अपार्टमेन्ट, जनता कोलोनी, आदर्श नगर, जयपुर।
3. फैजान पुत्र जावेद उम्र 22 साल निवासी कब्रिस्तान के सामने भूरिया की प्याउ, थाना आदर्श नगर, जयपुर
4. सोहेल कुरैशी उर्फ सोनु पुत्र कमरुद्दीन उम्र 29 साल निवासी म.न. बी-105, मौहम्मद नगर बी, खाँहनागरियान, जयपुर ।

# रॉयल पत्रिका

## संपादकीय...

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ की मुलाकात

भगवान गणेश की पूजा के दिन देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत के चीफ जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ के घर पहुंचे और उनके साथ गणेश की पूजा की । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का इस तरह चीफ जस्टिस के घर जाना और पूजा करना राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बना हुआ है । सोशल मीडिया पर अलग-अलग तरह की राय सामने आ रही है । कुछ का कहना है कि प्रधानमंत्री का इस तरह चीफ जस्टिस के घर जाना और मिलना देश के प्रजातंत्र के लिए शुभ संकेत नहीं है । यदि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ कोई मुकदमा आता है तो चीफ जस्टिस मुकदमे की सुनवाई निष्पक्षता से कर पाएंगे । मोदी सरकार पर पहले से ही विपक्षी नेताओं और विरोधियों पर झूंठे मुकदमे थोपने के आरोप हैं । सैंकड़ों लोगों को पिछले दशक में झूंठे मुकदमे लगाकर जेल में डाला गया और कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद उनको जमानतें मिली एवं बरी हुए । मोदी सरकार पर न्यायपालिका को अपने प्रभाव में लेने का भी आरोप है । मजबूत लोकतंत्र के लिए निष्पक्ष एवं मजबूत न्यायपालिका का होना जरूरी है । न्यायपालिका में किसी भी धर्म, जाति एवं वर्ग का प्रभाव नहीं होना चाहिए । लेकिन वर्तमान में न्यायपालिका में निष्पक्षता कम हो रही है । कुछ मामलों में जज साहिबान धार्मिक भावनाओं में बहकर निर्णय दे रहे हैं । बाबरी मस्जिद अयोध्या राम मंदिर का बड़ा उदाहरण देश के सामने है । सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में कहा था कि बाबरी मस्जिद की जगह कभी मंदिर नहीं था, यहां मंदिर तोड़कर मस्जिद नहीं बनाई गई थी । 1947 से पहले यहां मस्जिद में नमाज होती थी । फिर भी बहुसंख्यक हिंदुओं को बाबरी मस्जिद की जगह को दिया जा रहा है । यह सुप्रीम कोर्ट का न्याय नहीं था, यह सुप्रीम कोर्ट का आदेश था जो धार्मिक भावनाओं के आधार पर दिया गया था । लेकिन जब से अब तक दर्जनों ऐसे निर्णय विभिन्न न्यायालयों में आ चुके हैं, जिनमें धार्मिक भावनाएं साफ झलकती हैं । ऐसे निर्णय से विश्व में भारत की न्याय व्यवस्था से भरोसा कम होता है । पीड़ितों को न्याय नहीं मिल पाता है और दोषियों को सजा नहीं मिल पाती है । इसी तरह नेताओं और न्यायाधीशों का मिलना देश की डेमोक्रेसी के लिए शुभ संकेत नहीं है । पहले राजनीतिज्ञों और अधिकारियों का गठजोड़ हुआ नतीजन देश में कभी समाप्त नहीं होने वाला भ्रष्टाचार फैल गया । वर्तमान में नेता और अधिकारी, कर्मचारी सबसे ज्यादा भ्रष्टाचार फैलाते हैं । इसी तरह नेता और न्यायपालिका के जज साहिबान आपस में मिलने लगे तो भ्रष्टाचार पर कंट्रोल करना मुश्किल हो सकता है । देश को चलाने के लिए न्यायपालिका, कार्यपालिका विधायिका और मीडिया का बड़ा योगदान रहता है । कार्यपालिका, विधायिका और मीडिया पहले ही भ्रष्टाचार में लिप्त हो गया है । न्यायपालिका में कुछ ईमानदारी बची है, लेकिन जैसे ही राजनेताओं और न्यायपालिका अधिकारियों के बीच गठजोड़ बढ़ेगा तो न्यायपालिका के स्तर में गिरावट आना तय माना जा रहा है । इसलिए लोकतंत्र के सभी स्तंभों को अपनी सीमाओं में रहना चाहिए । किसी ने भी अपनी सीमाओं का उल्लंघन किया, वहीं से तय माना जा सकता है कि अब लोकतंत्र कमजोर हो रहा है ।

# यूपी: धर्मांतरण कानून के तहत प्रमुख इस्लामी स्कॉलर और 11 अन्य को उम्रक़ैद की सज़ा

नई दिल्ली: लखनऊ की एक अदालत ने बुधवार (11 सितंबर) को अवैध धर्मांतरण मामले में पश्चिम उत्तर प्रदेश के एक प्रमुख इस्लामिक स्कॉलर सहित 12 लोगों को आजीवन कारावास की सज़ा सुनाई है। वहीं चार अन्य को कई राज्यों में गैरकानूनी तरीके से हिंदुओं को इस्लाम में परिवर्तित करने का सिंडिकेट चलाने का दोषी पाते हुए 10 साल की जेल की सज़ा सुनाई गई है।

मालूम हो कि प्रदेश में साल 2020-21 में गैरकानूनी धर्मांतरण के खिलाफ विवादास्पद कानून आने के बाद सामूहिक धर्मांतरण को लेकर सज़ा का यह पहला बड़ा उदाहरण है। इस मामले में 16 व्यक्तियों को उत्तर प्रदेश गैरकानूनी धर्म परिवर्तन निषेध अधिनियम, 2021 की धारा 3, 5 और 8 के साथ-साथ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की अन्य धाराओं के तहत दोषी ठहराया गया है, जो धार्मिक आधार पर नफरत को बढ़ावा देने, धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने और बेईमानी करने से जुड़ी हुई हैं। इन 16 में से 12 व्यक्तियों को देश के खिलाफ युद्ध छेड़ने से जुड़ी आईपीसी की धारा 121ए के तहत दोषी ठहराए जाने के बाद आजीवन कारावास की सज़ा सुनाई गई है। उम्रकैद की सज़ा पाने वालों में प्रमुख इस्लामिक धर्मगुरु मौलाना कलीम सिद्दीकी और दिल्ली में इस्लामिक दावा सेंटर ( Islamic Da'wah Centre) (आईडीसी) इंडिया चलाने वाले मुस्लिम उपदेशक मौलाना उमर गौतम शामिल हैं। गौतम का जन्म फ़तेहपुर में एक हिंदू परिवार में हुआ था और बाद में उन्होंने इस्लाम धर्म अपनाया था। इस मामले में यूपी आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) ने उन्हें 2021 में गिरफ्तार किया था। सिद्दीकी पर कथित धर्मांतरण रैकेट का 'मास्टरमाइंड' होने और गौतम पर 'सरगना' होने का आरोप लगा था। तब, दोनों ने जबरन या गैरकानूनी धर्मांतरण के आरोपों से सख्ती से इनकार किया था। 2022 में निचली अदालत में जमानत की गुहार लगाते हुए गौतम ने कहा था कि कानूनी प्रक्रिया के बाद अपना धर्म बदलकर इस्लाम अपनाने वाले लोग उनके संस्थान में कलमा पढ़ने आते थे। गौतम और उनके बेटे अब्दुल्ला उमर को विदेशी अंशदान (विनियमन) अधिनियम, 2010 की धारा 35 के तहत कथित तौर पर अपने गैर-एफसीआरए खातों में विदेशी व्यक्तियों और संस्थानों से अवैध रूप से बड़ी रकम हासिल करने के लिए भी दोषी भी ठहराया गया है। आरोप है कि कथित तौर पर इस पैसे का इस्तेमाल गैरकानूनी धर्मांतरण और धर्मांतरण करने वालों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए किया गया था। गौतम के संगठन आईडीसी इंडिया पर बड़े पैमाने पर धर्मांतरण करने और इसके लिए विदेशी धन का इस्तेमाल करने का आरोप लगा था। एनआईए एटीएस अदालत के विशेष न्यायाधीश विवेकानंद शरण त्रिपाठी ने सज़ा का ऐलान करते हुए आदेश दिया कि गैरकानूनी धर्मांतरण के पीड़ितों- आदित्य गुप्ता और मोहित चौधरी को 2021 अधिनियम के तहत मुआवजे के रूप में 2-2 लाख रुपये का भुगतान किया जाए।

इस मामले में विस्तृत आदेश का अभी इंतजार है। पुलिस द्वारा आरोपी व्यक्तियों के खिलाफ लगाए गए आरोपों में ये भी कहा गया है कि ये लोग लालच देकर और धार्मिक गलत बयानी के जरिये बड़े पैमाने पर हिंदुओं को मुस्लिम बना रहे थे। ज्ञात हो कि जून 2021 में यूपी एटीएस ने गौतम और मुफ्ती काजी जहांगीर आलम कासमी को नौकरी, पैसा, शादी का लालच देकर और मानसिक दबाव बनाकर कथित तौर पर बड़े पैमाने पर लोगों को इस्लाम में परिवर्तित करने के आरोप में नई दिल्ली से गिरफ्तार किया था। उन पर और उनके संगठन आईडीसी इंडिया पर गैरकानूनी धर्मांतरण, धोखाधड़ी, आपराधिक साजिश, धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने और धर्मों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देने का मामला दर्ज किया गया था। पुलिस ने जांच के दौरान और लोगों को गिरफ्तार किया और आखिर में 17 लोगों के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया ।

इस मामले में इदरीस क़ुरैशी नाम के एक व्यक्ति के ख़िलाफ़ कानूनी कार्यवाही पर इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने रोक लगा दी है। मामले में आरोपी 17 व्यक्ति अलग-अलग राज्यों से थे, जिनमें सात उत्तर प्रदेश (सिद्दिकी, गौतम और गौतम के बेटे अब्दुल्ला उमर सहित), चार महाराष्ट्र से, तीन दिल्ली से और एक-एक गुजरात, हरियाणा और बिहार से थे। पुलिस का ये भी कहना है कि सामूहिक धर्मांतरण मामले में कुछ आरोपी अमेरिकी कट्टरपंथी इस्लामी उपदेशक अनवर अल-अवलाकी के साहित्य से प्रभावित पाए गए, जो इस्लामी आतंकवादी समूह अल-कायदा से जुड़ा था। इस आधार पर सरकार के खिलाफ युद्ध छेड़ने या युद्ध छेड़ने का प्रयास करने या युद्ध के उकसावे और सरकार के खिलाफ युद्ध छेड़ने की योजना को छिपाने के लिए सज़ा से संबंधित आईपीसी की धारा 121ए और 123 जोड़ी गई है। पुलिस ने गौतम पर कथित तौर पर 1,000 लोगों को इस्लाम में बदलने और उनमें से कई की मुसलमानों से शादी कराने का आरोप लगाया था। एटीएस ने बुधवार (11 सितंबर) को कहा कि उसने 450 लोगों के धर्म परिवर्तन के दस्तावेजों के साथ-साथ ऐसे धर्मांतरण वाले लोगों के विवाह प्रमाण पत्र भी बरामद किए हैं। गौतम के सहयोगी कासमी पर धर्मांतरित व्यक्तियों के लिए अवैध रूप से धर्मांतरण प्रमाण पत्र और विवाह प्रमाण पत्र जारी करने का आरोप लगाया गया था।

सिद्दीकी, जो एक प्रसिद्ध इस्लामी मौलवी हैं और एक ट्रस्ट भी चलाते हैं, उन पर अन्य धर्मों के खिलाफ धार्मिक बातें फैलाने और लोगों को अपना धर्म बदलने के लिए प्रेरित करने के लिए सोशल मीडिया मंच यूट्यूब का इस्तेमाल कर इस्लाम के गुणों का प्रचार करने का आरोप लगाया गया था। एटीएस ने आरोप लगाया कि आरोपी व्यक्तियों ने गैर-मुसलमानों, विशेषकर महिलाओं, नाबालिगों, मूक-बाधिर छात्रों, दलितों और आदिवासियों जैसे कमजोर वर्गों के लोगों को निशाना बनाया। इस मामले ने बड़े पैमाने पर धर्मांतरण, विदेशी फंडिंग और कट्टरपंथ से संबंधित कई आरोपों के साथ बहुत अधिक सुर्खियों बटोरीं। उत्तर प्रदेश पुलिस ने कहा कि ये बड़े पैमाने पर धर्मांतरण 'जनसांख्यिकीय परिवर्तन' (demographic change) करने के लिए किया जा रहा है।

एटीएस का दावा है कि आईडीसी इंडिया का इस्तेमाल कथित तौर पर बड़े पैमाने पर धर्मांतरण के केंद्र के रूप में किया जाता था। आईडीसी जमैका मूल के विवादास्पद इस्लामी उपदेशक बिलाल फिलिप्स द्वारा संचालित एक निजी दूरस्थ (distance) शिक्षा विश्वविद्यालय, इंटरनेशनल ओपन यूनिवर्सिटी का परीक्षा केंद्र भी था।

एटीएस ने कहा, 'इस सिंडिकेट का मुख्य उद्देश्य अवैध धर्मांतरण के माध्यम से जनसांख्यिकी में बदलाव करना और चुनी हुई सरकार को अस्थिर करके देश में शरिया कानून लागू करना था। 'एटीएस ने गौतम और अन्य पर बड़ी संख्या में लोगों को तेजी से इस्लाम में परिवर्तित करने के लिए 'मल्टी-लेवल मार्केटिंग' के सिद्धांत के साथ काम करने का आरोप लगाया। उनका आरोपी व्यक्ति अन्य धर्मों, विशेषकर हिंदू धर्म के खिलाफ प्रचार करते थे और इस्लाम के गुणों के बारे में बात करते थे। एटीएस ने कहा, धार्मिक गलत बयानी, नौकरी, शादी और धन का प्रलोभन और 'नरक की आग में जलने के डर' की बातें कर वे लोगों को इस्लाम में परिवर्तित कर रहे थे। अब दोषी करार दिए गए, आरोपियों पर नोएडा बधिर सोसायटी के मूक-बधिर छात्रों की पहचान करने और प्रलोभन और धमकी के जरिये उनका धर्म परिवर्तन कराने का भी आरोप है। पुलिस ने कहा कि सिद्दीकी ने अपने विचारों का प्रचार करने के लिए एक मासिक पत्रिका अर्मुघन और अन्य साहित्य प्रकाशित किया। एटीएस ने 2006 में मुजफ्फरनगर में प्रकाशित सिद्दीकी द्वारा लिखित पुस्तक 'आपकी अमानत आपकी सेवा में' को भी आपत्तिजनक बताया। पुलिस ने यह भी आरोप लगाया कि आरोपी व्यक्तियों को हवाला और अन्य स्रोतों के माध्यम से विदेशों और देश के अन्य राज्यों से करोड़ों रुपये की धनराशि प्राप्त हो रही थी। एटीएस ने कहा कि इसके अलावा, वे धन प्राप्त करने के लिए बारी-बारी से अवैध रूप से कई ट्रस्ट चला रहे थे। 16 आरोपियों में से चार लोगों मोहम्मद सलीम, राहुल भोला, मन्नू यादव उर्फ अब्दुल मन्नान और कुणाल अशोक चौधरी को यूपी गैरकानूनी धर्म परिवर्तन निषेध अधिनियम 2021 की धारा 3, 5 और 8 और आईपीसी की धारा 120बी, 153ए, 153बी, 295ए, 417 और 298 के तहत दोषी ठहराए जाने के बाद 10 साल जेल की सज़ा सुनाई गई है। सिद्दीकी और तीन अन्य के वकील मुफ्ती ओसामा नदवी ने द वायर को बताया कि वे फैसले को इलाहाबाद उच्च न्यायालय में चुनौती देंगे। फैसले पर निराशा व्यक्त करते हुए, नदवी ने कहा कि मामले में एफआईआर और आरोपपत्र केवल दूरगामी 'अनुमानों' पर आधारित थे। नदवी ने कहा कि अदालत का आदेश 'खामियों से भरा' है, जिसमें गैरकानूनी धर्मांतरण कानून के तहत एफआईआर किसी पीड़ित पक्ष या रिश्तेदार द्वारा दर्ज नहीं की गई थी, जैसा कि अधिनियम द्वारा अनिवार्य है। उन्होंने सिद्दीकी के खिलाफ उन आरोपों को भी खारिज कर दिया कि वह एक यूट्यूब चैनल के माध्यम से इस्लाम का प्रचार कर रहे थे और धर्मांतरण को बढ़ावा दे रहे थे। नदवी ने पूछा, 'मौलाना कलीम (मौलाना कलीम सिद्दीकी) का यूट्यूब चैनल अभी भी चल रहा है। उन्होंने अभी तक इस पर प्रतिबंध क्यों नहीं लगाया। '

कुछ अन्य आरोपियों का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील जिया जिलानी ने अदालत के फैसले को 'विकृत', 'अवैध' और 'कानून की नजर में अस्थिर' बताया।

उन्होंने बताया कि पूरी कार्यवाही एक एफआईआर पर आधारित थी, जो एक अक्षम व्यक्ति द्वारा दर्ज कराई गई थी। जिलानी ने कहा, 'एटीएस के जांच अधिकारी ने एफआईआर दर्ज की, जबकि कानून कहता है कि केवल एक पीड़ित व्यक्ति या रिश्तेदार ही गैरकानूनी धर्मांतरण कानून के तहत शिकायत दर्ज कर सकता है। 'उन्होंने कहा कि अदालत ने इस पहलू की उपेक्षा की है। जिलानी ने यह भी बताया कि उत्तर प्रदेश एटीएस द्वारा पेश किए गए 24 गवाहों में से किसी ने भी जबरन धर्म परिवर्तन कराए जाने की गवाही नहीं दी। उन्होंने कहा, वास्तव में, उनमें से कई ने कानून बनने से बहुत पहले ही धर्म परिवर्तन कर लिया था।

मूक-बधिर राहुल भोला और मन्नू यादव का प्रतिनिधित्व करने वाले जिलानी ने कहा कि जांच अधिकारी ने उनके खिलाफ केवल एक गवाह पेश किया और वह भी इस आधार पर कि उन्होंने उस व्यक्ति के लिए धर्मांतरण प्रमाण पत्र बनाया था। अभियुक्तों का प्रतिनिधित्व करने वाले एक अन्य वकील नजमुस साकिब खान ने तर्क दिया कि फंडिंग के माध्यम से जनसांख्यिकी को बदलने के प्रयास के पुलिस के आरोपों के बावजूद, एटीएस अदालत में पेश किए गए कुल 24 गवाहों में से केवल आठ स्वतंत्र गवाह पेश कर सका। इसके अलावा, आठ में से केवल छह सीधे तौर पर धर्मांतरण के आरोपों से संबंधित थे। खान ने कहा कि इनमें से कई धर्मांतरण 2021 कानून लागू होने से बहुत पहले किए गए थे। उन्हें यह भी अजीब लगा कि एटीएस ने केवल आठ स्वतंत्र गवाह पेश किए, जबकि मामले में आरोपी लोगों की संख्या 17 थी, जिससे एजेंसी के शुरुआती दावों पर सवाल खड़े हो गए कि लगभग 1,000 लोग, जिसे बाद में घटाकर 450 कर दिया गया अवैध रूप से धर्म परिवर्तन का शिकार हुए हैं।

**खान ने पूछा, 'ये 450 लोग कहां हैं और उनके बयान क्यों दर्ज नहीं किए गए?'**

गौरतलब है कि गौतम और सिद्दीकी की गिरफ्तारी को लेकर उत्तर प्रदेश पुलिस को काफी आलोचनाओं का सामना करना पड़ा था। पुलिस पर नए कानून की आड़ में मुस्लिम प्रचारकों के खिलाफ साजिश रचने का आरोप लगाया गया था। लखनऊ में एनआईए/एटीएस अदालत द्वारा 16 लोगों को दोषी ठहराए जाने के बाद एटीएस ने एक बयान में कहा, 'यहां ध्यान देने वाली बात ये है कि इस मामले में सरगना और मास्टरमाइंड की गिरफ्तारी के बाद, कुछ धार्मिक कट्टरपंथियों ने सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों पर इसे राजनीति से प्रेरित करार दिया था और इसकी आलोचना की थी।

'उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने एक कदम आगे बढ़कर इस फैसले को एक 'ऐतिहासिक' बताया। उन्होंने कहा कि इससे ये साबित होता है कि पुलिस की कार्रवाई तथ्यों और सबूतों पर आधारित थी। कुमार ने कहा, 'इस निर्णय से समाज में एक अच्छा संदेश जाएगा कि जो लोग गैरकानूनी धर्म परिवर्तन की गतिविधियों में शामिल थे... उनका मकसद सामने आ गया। इससे लोगों में जागरूकता भी आएगी कि उन्हें ऐसी गलत चीजों में शामिल नहीं होना चाहिए। '

**साभार : द वायर**

# माँ का हक़

(88) हज़रत अबू हुरैरा रज़ि० ने फ़रमाया कि एक व्यक्ति ने अल्लाह के रसूल (सल्ल०) से पूछा ऐ अल्लाह के रसूल! मेरे अच्छे सुलूक का कौन ज़्यादा हक़दार है? आप (सल्ल०) ने फ़रमाया : तुम्हारी माँ । उसने पूछा : फिर कौन ? फ़रमाया तुम्हारी माँ। उसने कहा : फिर कौन ? फ़रमाया: तुम्हारी माँ। उसने चौथी बार फिर पूछा : फिर कौन ? कहा : तुम्हारा बाप ।(हदीस : बखारी, मुस्लिम)

व्याख्या: इस हदीस से पता चलता है कि माँ का दर्जा बाप से ऊँचा है। यही बात कुरआन मजीद से भी मालूम होती है। चुनांचे सूरा-31 लुक़मान (आयत: 14) में अल्लाह ने फ़रमाया:"हमने इंसान को ताकीद की है कि वह अपने माँ-बाप का शुक्रगुज़ार हो।" इसके बाद फ़रमाया "उसकी माँ ने तकलीफ़ पर तकलीफ़ झेलकर नौ महीने तक उसे अपने पेट में उठाए रखा, फिर दो साल तक अपने खून से पाला"। इसी वजह से उलमा ने लिखा है कि इज़्ज़त और एहतिराम के पहलू से बाप का दर्जा ऊँचा है जबकि खिदमत के लिहाज़ से माँ का। 'माँ का हक़ कितना बड़ा है', इसका अंदाज़ा नीचे लिखी हदीस से भली-भाँति लगाया जा सकता है: एक व्यक्ति नबी (सल्ल०) के पास आया। उसने कहा : ऐ अल्लाह के रसूल ! मैं अपनी अपाहिज बूढ़ी माँ को अपनी पीठ पर लादकर यमन से मक्का लाया और इसी हाल में काबा का तवाफ़ (परिक्रमा) कराया, सफ़ा-मरवा (पहाड़ियो) के बीच 'सई' की (दौड़ लगाई) और इसी हाल में उसे लिए हुए अरफात गया। फिर मुज़दलफ़ा आया, फिर मिना पहुँचा और कंकरी मारी। मैंने ये सारे काम उसे अपनी पीठ पर लादे हुए किए हैं। बताइए क्या माँ का हक़ अदा हो गया या नहीं ? आप (सल्ल०) ने फ़रमाया नहीं, अभी उसका हक़ अदा नहीं हुआ। उसने पूछा क्यों? आप (सल्ल०) ने बताया : अभी उसका हक़ इसलिए अदा नहीं हुआ कि उसने सारी मुसीबतें इस तमन्ना के साथ झेली थीं कि तुम ज़िन्दा रहो और तुमने उसके साथ जो कुछ किया है इस हाल में किया है कि उसके मरने की आरज़ू करते हो ? इसी तरह अब्दुल्लाह इब्ने उमर (रज़ि०) से एक शख्स ने अपनी माँ की लम्बे अरसे तक की बड़ी-बड़ी खिदमत का ज़िक्र करके पूछा कि माँ का हक़ अदा हुआ या नहीं ? उन्होंने कहा: नहीं, तुम तो उस पहली चीख का भी हक़ अदा नहीं कर सके हो जो तुम्हें जनने के वक़्त तुम्हारी माँ के मुख से निकली थी। इसी सिलसिले में वह इबरतनाक और सबक़ आमोज़ वाक़िआ भी सुनते चलिए जो नबी (सल्ल०) के मुबारक दौर में पेश आया था। वाक़िआ इस तरह है कि एक नौजवान की मौत का वक़्त आया तो ज़बान से कलमा 'ला इलाह इल्लल्लाह' नहीं अदा हो पा रहा था। लोगों को बड़ी फ़िक्र हुई। मामला नबी (सल्ल०) तक पहुँचा। नबी (सल्ल०) उस नौजवान के पास आए। (आप सल्ल० ने) पूछा : क्या उसके माँ-बाप है? बताया गया कि सिर्फ माँ है। उसकी बूढ़ी मां को बुलाया गया। पूछा गया : तुम्हारा बेटा कैसा है? कहा कि यह बहुत नेक है मगर जब से शादी हुई है, मुझ से नज़रें फेर ली हैं, मेरा कुछ भी ख्याल नही करता, मैं इस उम्र में मेहनत मज़दूरी करके गुज़ारा करती हूँ।

नबी (सल्ल०) ने फ़रमाया : इसका कुसूर माफ़ कर दो। उसने कहा : मैं हरगिज़ माफ़ न करूँगी। उसने मेरा दिल बहुत जलाया है। नबी (सल्ल०) ने फ़रमाया : लाओ, आग जलाओ, मैं इस नौजवान को इस आग में डालूँगा ताकि वह भस्म हो जाए। उसकी माँ बोल पड़ी कि मैं उसको जलते कैसे देखूँगी ? आप (सल्ल०) ने फ़रमाया : माफ़ न करोगी तो वह वहाँ (जहन्नम) की आग में जलेगा। तब बुढ़िया ने बेटे को माफ़ किया और ज्यों ही उसने माफ़ी दी, बेटे की ज़बान पर ईमान का कलमा (ला इलाह इल्लल्लाह) जारी हो गया और जान निकल गई। इस प्रकार की घटनाएँ कभी कभार ही घटित होती हैं ताकि नाफ़रमान बेटों को पता चले कि खुदा उनके साथ भी ऐसा कर सकता है। खुदा अगर दुनिया में माँ-बाप के नाफ़रमानों को नहीं पकड़ रहा है, तो इससे धोखा नहीं खाना चाहिए।

माँ-बाप के हक़ (अधिकार) उनके मरने के बाद

हज़रत अबू उसैद (रज़ि०) कहते हैं कि हम लोग अल्लाह के रसूल (सल्ल०) के पास बैठे हुए थे कि इतने में क़बीला बनू सलमा का एक व्यक्ति आया। उसने कहा ऐ अल्लाह के रसूल ! माँ-बाप की मौत हो जाने के बाद उनका कोई हक़ बाक़ी रहता है जिसे मुझे अदा करना चाहिए? आप (सल्ल०) ने फ़रमाया हाँ, उनके लिए अल्लाह से दुआ करो कि वह उनकी मग़फ़िरत करे और जो (जायज़) वसीयत वे कर गए हों उसे पूरा करो। माँ-बाप से जिन लोगों का रिश्ते-नाते का संबंध है, उनके साथ अच्छा सुलूक करो और माँ-बाप के दोस्तों और सहेलियों की इज़्ज़त और खातिरदारी करो ।(हदीस : अबू दाऊद)

रज़ायी (दूध पिलानेवाली) माँ का हक़

(90) अबू तुफैल (रजि०) कहते हैं कि नबी (सल्ल०) जिर्शना (एक स्थान) में गोश्त बाँट रहे थे कि इतने में एक औरत आई। आप (सल्ल०) के क़रीब पहुँची तो आप (सल्ल०) ने अपनी चादर बिछा दी। वह औरत बैठ गई। मैंने पूछा यह औरत कौन है? (जिसका आप (सल्ल०) इतना आदर-सत्कार कर रहे हैं) लोगों ने बताया कि ये वह औरत है जिन्होंने आप (सल्ल०) को दूध पिलाया था (यानी क़बीला बनू साद की एक औरत हलीमा रजि०)। (हदीस : अबू दाऊद)

गैर-मुस्लिम माँ-बाप के साथ अच्छा सुलूक: हज़रत अबू बक्र (रजि०) की बेटी हज़रत अस्मा (रजि०) कहती हैं कि हुदैबिया के ज़माने में मेरी (रज़ायी) माँ मेरे पास आई। उस समय तक उन्होंने इस्लाम क़बूल नहीं किया था। मैंने पूछा ऐ अल्लाह के रसूल । मेरी मुशरिक माँ मेरे पास आई हैं जो अब तक गैर-मुस्लिम हैं। वे चाहती हैं कि मैं उन्हें कुछ दूँ तो क्या मैं दे सकती हैं? आप (सल्ल०) ने फरमाया: हाँ, उनके साथ रिश्ता बनाए रखो और जो कुछ दे सकती हो दो।(हदीस : बुखारी, मुस्लिम)

# परमवीर चक्र से सम्मानित शहीद अब्दुल हमीद

अब्दुल हमीद मसऊदी (1। जुलाई 1933 -10सितम्बर , 1965) भारतीय सेना की 4 ग्रेनेडियर में एक सिपाही थे जिन्होंने 1965 के भारत-पाक युद्ध के दौरान खेमकरण सैक्टर के आसल उत्ताड़ में लड़े गए युद्ध में अद्त वीरता का प्रदर्शन करते हुए वीरगति प्राप्त की जिसके लिए उन्हें मरणोपरान्त भारत का सर्वोच्च सेना पुरस्कार परमवीर चक्र मिला। यह पुरस्कार इस युद्ध, जिसमें वे शहीद हुये, के समाप्त होने के एक सप्ताह से भी पहले 16 सितम्बर 1965 को घोषित हुआ।

शहीद होने से पहले परमवीर अब्दुल हमीद मसऊदी ने मात्र अपनी "गन माउन्टेड जीप" से उस समय अजेय समझे जाने वाले पाकिस्तान के "पैटन टैंकों" को नष्ट किया था।

### जीवनी

अब्दुल हमीद का जन्म उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले के धामूपुर गाँव में 1 जुलाई 1933 में एक साधारण, मसऊदी (डफाली) परिवार में हुआ था। उनकी माता का नाम सकीना बेगम और पिता का नाम मोहम्मद उस्मान था।

### सैन्य सेवा

अब्दुल हमीद मसऊदी 28 दिसम्बर 1954 को भारतीय सेना के ग्रेनेडियर रेजीमेंट में भर्ती हुए। बाद में उनकी तैनाती रेजीमेंट के 4 ग्रेनेडियर बटालियन में हुई जहां उन्होंने अपने सैन्य सेवा काल तक अपनी सेवाएं दीं। उन्होंने अपनी इस बटालियन के साथ आगरा, अमृतसर, जम्मू-कश्मीर, दिल्ली, नेफा और रामगढ़ में भारतीय सेना को अपनी सेवाएं दीं।

भारत-चीन युद्ध के दौरान अब्दुल हमीद मसऊदी की बटालियन सातवीं इंफैन्ट्री ब्रिगेड का हिस्सा थी जिसने ब्रिगेडियर जॉन दलवी के नेतृत्व में नमका-छू के युद्ध में पीपल्स लिबरेशन आर्मी से लोहा लिया। इस युद्ध में सेकेंड लेफ्टिनेंट जी. वी. पी. राव को मरणोपरांत अद्त शौर्य और वीरता के प्रदर्शन के लिए महावीर चक्र से सम्मानित किया गया। अब्दुल हमीद मसऊदी के सम्मान से पहले इस बटालियन को भारत की स्वतंत्रता के पश्चात मिलने वाला यह सबसे बड़ा वीरता पुरस्कार था।

उन्होंने अपने सेवा काल में सैन्य सेवा मेडल, समर सेवा मेडल और रक्षा मेडल से सम्मान प्राप्त किया था।

### 1965 का युद्ध

भारत में अस्थिरता उत्पन्न करने और शासन-व्यवस्था के खिलाफ विद्रोह भड़काने की अपनी योजना 'ऑपरेशन जिब्राल्टर' के तहत पाकिस्तानी सेना ने भारतीय सीमा में जम्मू-कश्मीर में लगातार घुसपैठ करने की गतिविधियां शुरू कर दीं। 5 से 10 अगस्त 1965 के बीच भारतीय सेना ने भारी तादाद में पाकिस्तानी नागरिकों के घुसपैठ को उजागर किया। पकड़े गए घुसपैठियों से मिले दस्तावेजों के जरिए इस बात के पुख्ता सबूत मिले कि पाकिस्तान ने कश्मीर पर कब्जा करने के लिए गुरिल्ला हमले की योजना बनाई थी। पाकिस्तान अपनी इस योजना को अंजाम देने के लिए 30,000 छापामार हमलावरों को इस खास उद्देश्य के लिए प्रशिक्षित किया था।




8- सितम्बर-1965 की रात में, पाकिस्तान द्वारा भारत पर हमला करने पर, उस हमले का जवाव देने के लिए भारतीय सेना के जवान उनका मुकाबला करने को खड़े हो गए। वीर अब्दुल हमीद पंजाब के तरनतारन जिले के खेमकरण सेक्टर में सेना की अग्रिम पंक्ति में तैनात थे। पाकिस्तान ने उस समय के अपराजेय माने जाने वाले "अमेरिकन पैटन टैंकों" के के साथ, "खेम करन" सेक्टर के "असल उताड़" गाँव पर हमला कर दिया। भारतीय सैनिकों के पास न तो टैंक थे और नहीं बड़े हथियार लेकिन उनके पास था भारत माता की रक्षा के लिए लड़ते हुए मर जाने का हौसला। भारतीय सैनिक अपनी साधारण "थ्री नॉट थ्री रायफल" और एल. एम. जी. के साथ पैटन टैंकों का सामना करने लगे। हवलदार अब्दुल हमीद के पास "गन माउनटेड जीप" थी जो पैटन टैंकों के सामने मात्र एक खिलौने के सामान थी।

अब्दुल हमीद ने अपनी जीप में बैठ कर अपनी गन से पैटन टैंकों के कमजोर अंगों पर एकदम सटीक निशाना लगाकर एक -एक कर धवस्त करना प्रारम्भ कर दिया। उनको ऐसा करते देख अन्य सैनकों का भी हौसला बढ़ गया और देखते ही देखते पाकिस्तान फ़ौज में भगदड़ मच गई। अब्दुल हमीद ने अपनी "गन माउनटेड जीप" से सात पाकिस्तानी पैटन टैंकों को नष्ट किया था।

देखते ही देखते भारत का "असल उताड़" गाँव "पाकिस्तानी पैटन टैंकों" की कब्रगाह बन गया। लेकिन भागते हुए पाकिस्तानियों का पीछा करते अब्दुल हमीद की जीप पर एक गोला गिर जाने से वे बुरी तरह से घायल हो गए और अगले दिन 9 सितम्बर को उनका स्वर्गवास हो गया लेकिन उनके शहीद होने की आधिकारिक घोषणा 10 सितम्बर को की गई थी। इस युद्ध में साधारण "गन माउनटेड जीप" के हाथों हुई "पैटन टैंकों" की बर्बादी को देखते हुए अमेरिका में पैटन टैंकों के डिजाइन को लेकर पुन: समीक्षा करनी पड़ी थी।

### लोकप्रिय संस्कृति में

चेतन आनन्द द्वारा निर्मित 1988 के दूरदर्शन धारावाहिक परमवीर चक्र में हवलदार अब्दुल हमीद की भूमिका नसीरुद्दीन शाह ने निभायी।

मुस्लिम रिश्ते

**रॉयल पत्रिका साप्ताहिक में मुस्लिम रिश्तों में विज्ञापन देने हेतु संपर्क करें -**

**मोबाइल: 9772552446, 9799559096**

Sunni Muslim Girl 32/5.3"/B. Tech in Electronics & Communications/Working in Semi Govt. Deptt./Deeni Taleem yafta/Homely girl. Father retd. from Indian Railway. Well educated and reputed family of Jaipur. Need religious, well educated and settled boy from well reputed family. Contact: 9828453954

• सुन्नी मुस्लिम युवक 45/5.7"/ पोस्ट ग्रेजुएट/होम गार्ड में कार्यरत तलाकशुदा जयपुर निवासी हेतु दीनदार, पढ़ी-लिखी, घर के काम में दक्ष युवती चाहिए, तलाकशुदा भी मान्य। संपर्क करें 8306725799

• Beautiful Muslim Sunni Pathan (Yusufzai) girls 22/5.3"/Convent Educated & currently pursuing B.H.M.S./ & other 20/5.5"/Convent Educated & currently pursuing B.A. in Phycology & English Lit./Father retired from Pvt. Company and at present doing E-Mitra work. Both girls are Hijabi, 5 times Namazi, fully religious homely girls from well educated and reputed Shahjahanpur (U. P.) based family currently living in Ajmer. Needs suitable, well educated and settled boys from Muslim Sayed/Pathan caste families.
Contact:
Mobile- 98287 34281

• खूबसूरत अंसारी लड़कियां 32/5.4"/B.Tech; इंजीनियर/ ट्रांसफार्मर कंपनी में सीनियर इंजीनियर के पद पर कार्यरत व 29/5.6"/M. Com; MBA/ जयपुर सेज में सीनियर एकाउंटेंट के पद पर कार्यरत । दोनों दीनी तालीम याफ्ता, जयपुर की पढ़ी-लिखी रेप्यूटेड फैमिली हेतु पढ़े-लिखे, बिजनेसमेन/सरकारी ऑफिसर अच्छी रेप्यूटेड फैमिली के लड़के चाहिए।
संपर्क: 9828048966/9166117743

• Beautiful Muslim girl 32/5.5"/MJMC/PGDCA/ presently working as a Bank Officer/Father retired Govt. Officer, reputed family of Sawai Madhopur. Needs religious well settled, Govt Officer/Businessman from reputed family. Early Marriage.
Interested please Contact: Mobile-8302114075/8209325917

• 47/6.1"/सिविल इंजीनियर/ तलाकशुदा/ वार्षिक आय 3.5 लाख/ मुस्लिम पठान, जयपुर निवासी आदमी के लिए दीनदार, घरेलू, पढ़ी-लिखी जीवन साथी चाहिए, तलाकशुदा भी मान्य । संपर्क:
मोबाइल- 8209336198

28/5.8"/बीएससी; बी. टेक/ व्यवसाय टीचिंग/टोंक निवासी प्रतिष्ठित फैमिली के मुस्लिम युवक हेतु सुंदर, पढ़ी-लिखी, दीनदार, घरेलू कार्य में दक्ष मुस्लिम लड़की चाहिए।
संपर्क: मोबाइल- 8769654230

.जयपुर निवासी 25 वर्षीय/बी.ए./ तलाकशुदा (3 वर्ष की बच्ची है)/ दीनी तालीम याफ्ता, घरेलू कार्य में दक्ष मुस्लिम लड़की हेतु दीनदार, नमाज़ी, नौकरीपेशा/बिजनेसमैन राजस्थानी लड़का चाहिए। इच्छुक सम्पर्क करें- मोबाइल: 98294 43086/97725 52446.

•जयपुर निवासी 25/5'.4"/ M.Sc. B.ed/ पठान लड़की/ गवर्नमेंट में अध्यापिका के पद पर कार्यरत हेतु पढ़े-लिखे गवर्मेंट ऑफिसर/नौकरीपेशा/बिजनेस मैन लड़का जो शेख/सैयद/पठान खानदान से ताल्लुक रखता हो । संपर्क करें - मोबाइल नंबर: 7223023871

•हनफी अंसारी सुन्नी मुस्लिम डॉक्टर 28/5.5"/BHMS/खुद की क्लिनिक/जयपुर निवासी हेतु ग्रेजुएट, दीनी तालीम याफ्ता, घरेलू कार्य में दक्ष लड़की चाहिए। सम्पर्क: 7976464322/9772552446

.35/5.2"/B.Sc./Fair colour/ Deeni Taleem yafta Divorced Sunni Muslim girl from educated, reputed family of Jaipur. Presently doing tution job at home. Need educated, settled religious groom. Early Marriage. Contact: Royal Patrika office, Jaipur. Mobile: 9352666093/9772552446

.Sunni Muslim girl 37/5.6"/M.A; MBA/Divorced (No issue)/Deeni Taleem Yafta from well educated and reputed family of Jodhpur. Need well educated, settled and religious suitable man from reputed family from Sayed /Sheikh or Pathan of Udaipur/Jodhpur/Ajmer/Jaipur based boy. Contact: Royal Patrika office, Jaipur. Mobile: 9314720003/9772552446

• Beautiful Pathan girl 34/M.Tech (Computer Science), Sr. Database Administrator and Software Developer, Finance Department of Secretariat Government of Rajasthan (Pvt basis). Father retired Govt. Officer, well educated and reputed family of Tonk. Needs well educated, settled and religious boy from Jaipur based family. Contact: Royal Patrika office, Jaipur. Mobile: 9772552446/9799559096

• Hanafi Sunni Muslim beautiful girl 25/5.5". Education Qualification: Masters in Litrature and PG Diploma in Digital Marketing. Father Govt officer. Well educated and reputed family of Bhilwara. Need well educated, religious, settled boy from reputed family. Contact Royal Patrika office, Jaipur. Mobile : 9772552446/9799559096

. 23/5.4"/एम. कॉम; आई टी आई (ड्रेस मेकिंग) व RSCIT कोर्स, दीनी तालीम याफ्ता खूबसूरत जयपुर निवासी अंसारी लड़की। वालिद कॉन्ट्रेक्टर- फेब्रिकेशन वर्क हेतु दीनी, पढ़ा- लिखा खूबसूरत नौकरीपेशा/बिजनेसमैन अच्छे परिवार का लड़का। इच्छुक व्यक्ति सम्पर्क करें- रॉयल पत्रिका कार्यालय, जयपुर। मोबाइल नं. 9772552446/9799559096

• Sunni Muslim girl 32/5.8"/M.A; LLB, Perusing LLM/Deeni Taleem Yafta from well educated and reputed family of Jodhpur. Need well educated, settled and religious boy from reputed family from Sayed /Sheikh or Pathan of Udaipur/Jodhpur/Ajmer/Jaipur based boy. Contact: Royal Patrika office, Jaipur. Mobile : 9772552446/9799559096

• Jaipur based Sunni Muslim girl 31/B. Tech/ Beautiful, Deeni Taleem Yafta. Father retired Govt. Officer. Needs well educated, settled religious boy. Contact: Royal Patrika office, Jaipur. Mobile : 9772552446/9799559096

खूबसूरत अंसारी लड़की 27/5.5"/ पोस्ट ग्रेजुएट/तलाकशुदा/ दीनी तालीम याफ्ता, घर के कामों में माहिर, सरकारी जॉब की तैयारी, पढ़ी-लिखी जयपुर की प्रतिष्ठित फैमिली हेतु सुयोग्य पढ़े-लिखे अच्छे फैमिली का लड़का । इच्छुक सम्पर्क करें: रॉयल पत्रिका कार्यालय, जयपुर । मोबाइल: 9887910863/9772552446

• Sunni Ansari Muslim Jaipur based divorced girl 37/M.A; B.ed/Deeni Taleem Yafta. Need suitable educated, settled religious boy. Contact: Royal Patrika office, Jaipur. Mobile : 9772552446 /9799559096

• Sunni Muslim boy 30/5.10"/80 kg. weight/ Master in Criminology with Gold Medal/own business. Father retired as Dean from Veterinary College. Home town in Tonk, living in Palanpur, Gujarat, well educated, reputed and well settled small family. Need suitable homely, religious, educated girl from reputed family. Preference to Tonk based girl. Contact: Mobile : 9772552446, 9799559096

• Jaipur based Sunni Muslim boy 28/5.8" M.Com and B.PEd degree English medium. At present Tennis Coach in Pvt School, Father businessman, well settled and educated family. Needs Jaipur based homely religious girl . Contact: Mobile : 8107860666

• Udaipur based Syed/Siddiqui girl 28/5.4"/ B.Tech (Electronics & Communication Engineering) Convent educated, working in Bank as Manager (Central Govt. job transferrable all over India), Annual package 8.00 lakh. Father Addl. Director in Govt. Deptt. and Mother Govt. Teacher (Taken VRS). Well reputed and educated family. Needs suitable religious Muslim boy. Contact: Royal Patrika office, Jaipur. Mobile : 9772552446, 9799559096.

• जयपुर निवासी सुन्नी सैयद मुस्लिम लड़की 27/5.2" एम.ए. (पॉलिटिकल साइंस), दीनी तालीम याफ्ता खूबसूरत, घरेलू कार्य में दक्ष, वालिद एडवोकेट- नोटरी पब्लिक, प्रतिष्ठित पढ़ी लिखी, स्माल फैमिली हेतु पढ़े लिखे नौकरीपेशा/बिजनिसमैन सुयोग्य युवक चाहिए। जयपुर निवासी को प्राथमिकता। इच्छुक संपर्क करें : 9772552446, 9799559096

• सुन्नी मुस्लिम नसीराबाद निवासी फेयर व सुंदर लड़का 28/5'11"/बी ए ; होटल मैनेजमेंट में डिप्लोमा, स्वयं की ट्रांसपोर्ट कंपनी आय 2/2.5 लाख प्रति माह । फादर बिजनेसमैन, मदर का स्वयं का लेडीज गारमेंट्स, किड्स क्लोथ्स शोरूम हेतु सुंदर, सुशील पढ़ी लिखी लड़की चाहिए। संपर्क- रॉयल पत्रिका कार्यालय, जयपुर। Ph. 9772552446, 9799559096

• 28/5'5" B.A, B.ed. divorced, no issue. Father Retd. Sr. Dy. DEO, Mother Retd. Librarian. Jaipur based educated Syed Sunni Muslim family. Needs educated, well settled boy. Contact : Royal Patrika office, Jaipur. Ph. 9772552446, 9799559096

• Suitable match for Jaipur based Syed girl 22/5'3" B. A. And Deeni Taleem Yafta sister (married). Contact: Royal Patrika office. Jaipur. Ph. 9772552446, 9799559096

• 29/5.3 " पोस्ट ग्रेजुएट व 26/5.3" ग्रेजुएट दीनी तालीम आफता व नमाजी रेप्यूटेड फैमिली जयपुर निवासी, दोनों बैंक में कार्यरत मुस्लिम (सैयद ) युवकों के लिए खूबसूरत दीनी तालीम के साथ-साथ ग्रेजुएट व घर के काम मे दक्ष लड़कियां | बायोडाटा सहित संपर्क करें - रॉयल पत्रिका कार्यालय,जयपुर। Ph. 9772552446, 9799559096

• खूबसूरत अंसारी लड़की 33/5'/ एम ए/ तलाकशुदा/ दीनी तालीम याफ्ता, घर के कामों में माहिर, जयपुर निवासी हेतु सुयोग्य पढ़े लिखे अच्छे फैमिली का लड़का । इच्छुक सम्पर्क करें: रॉयल पत्रिका कार्यालय, जयपुर । मोबाइल : 9887910863/9772552446

# हरिश्चन्द्र माथुर राजस्थान राज्य लोक प्रशासन संस्थान को सिविल सेवाओं के प्रशिक्षण के लिए राष्ट्रीय मानकों की मिली मान्यता

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। हरिश्चन्द्र माथुर राजस्थान राज्य लोक प्रशासन संस्थान (ओ टी एस) को भारत सरकार के क्षमता निर्माण आयोग (CBC) द्वारा सिविल सेवाओं के प्रशिक्षण संस्थानों के राष्ट्रीय मानकों के पालन के लिए मान्यता प्रदान की गई है। यह प्रतिष्ठित मान्यता संस्थान की लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। संस्थान राष्ट्रीय मानकों के लिए निर्धारित मापदंडों का पालन कर, क्षमता निर्माण और सिविल सेवा प्रशिक्षण में उच्चतम मानकों का पालन सुनिश्चित करता है।

ओ टी एस महानिदेशक श्रीमति श्रेया गुहा ने इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि यह मान्यता संस्थान की कड़ी मेहनत और समर्पण का परिणाम है। हम सिविल सेवकों को आधुनिक शासन की जटिल चुनौतियों से निपटने के लिए आवश्यक कौशल प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

उन्होंने कहा कि इस मान्यता से हरिश्चन्द्र माथुर राजस्थान राज्य लोक प्रशासन संस्थान राष्ट्रीय स्तर पर सर्वश्रेष्ठ सिविल सेवा प्रशिक्षण संस्थानों में सम्मिलित हो गया है और इसका उद्देश्य लोक प्रशासन और शासन में उत्कृष्टता लाना है।



# इस दवा से हट सकता है आंखों का चश्मा, सरकार ने दी मंजूरी

वैश्विक स्तर पर आंखों से संबंधित कई प्रकार की बीमारियां वक्त के साथ लगातार बढ़ रही हैं। कुछ दशकों पहले तक आंखों की समस्याओं को उम्र बढ़ने के साथ होने वाले विकारों के रूप में जाना जाता था, हालांकि अब कम उम्र के लोग भी इसके शिकार पाए जा रहे हैं। कई मामलों में देखा गया है कि कम उम्र में बच्चों और किशोरों को पावर वाला चश्मा लग जाता है। डॉक्टर्स बताते हैं, लाइफस्टाइल और आहार में गड़बड़ी के अलावा बढ़ा हुआ स्क्रीन टाइम भी आंखों के लिए नुकसानदायक है। इसके कारण कम दिखाई देने से लेकर, ड्राई आईज, आंखों में दर्द, ग्लूकोमा और कुछ स्थितियों में रोशनी तक चले जाने की समस्या का सामना करना पड़ सकता है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, आंखों को स्वस्थ रखने के लिए पौष्टिक आहार के सेवन के साथ नियमित रूप से कुछ अभ्यास करना लाभकारी हो सकता है। पलकों को झपकाने की आदत इसमें सबसे फायदेमंद मानी जाती रही है। लेकिन सवाल है कि जिन लोगों को नंबर वाला चश्मा लग चुका है यानी जो लोग बिना चश्मे के पढ़ पाने में मुश्किल महसूस करते हैं, वह बिना चश्मे के इस्तेमाल के कैसे सामान्य जीवन जिएं? ऐसे रोगियों को जो चश्मा लगाते हैं उनके लिए राहत की खबर है।

अत्यधिक स्क्रीन टाइम जैसे कंप्यूटर, मोबाइल और टीवी पर लंबे समय तक वक्त बिताने के कारण नीली रोशनी आंखों को नुकसान पहुंचा सकती है, जिससे वर्तमान में अधिकांश लोगों की आंखों की रोशनी कमजोर हो रही है। इसके अलावा उम्र का असर, गलत आदतों जैसे कम रोशनी में पढ़ना, आंखों को रगड़ना, पोषण की कमी से भी आंखों की रोशनी कम होने लगती है।

**दृष्टि कमजोर होने के लक्षण**

इस कारण धुंधला दिखने लगता है, आंखो में थकान, सिरदर्द, नजदीकी चीजों को देखने में कठिनाई और रात्रि दृष्टि में समस्या होने लगती है। अगर इस तरह की दृष्टि संबंधी समस्याएं दिखने लगती हैं तो नंबर वाला चश्मा पहनने की जरूरत महसूस होती है।

**पावर वाला चश्मा कब हट सकता है?**

चश्मा दृष्टि दोष को सुधारने का सामान्य तरीका है। लेकिन एक बार नंबर वाला चश्मे का उपयोग करने लगते हैं तो सभी मामलों में चश्मे का इस्तेमाल पूरी तरह से बंद करना संभव नहीं हो सकता है। हालांकि आप अपनी आंखों की सेहत में सुधार कर सकते हैं और चश्मे पर निर्भरता को कम कर सकते हैं। इसके लिए स्वस्थ आहार और पोषण, आंखों को व्यायाम, कांटेक्ट लेंस, पर्याप्त नींद और आराम के जरिए आंखों की सेहत में सुधार लाया जा सकता है। लेकिन अब बिना चश्मे के नहीं रह पाने वाले रोगियों को राहत मिलने वाली है। दृष्टि में सुधार के लिए बाजार में आई ड्रॉप आने वाला है। इस आई ड्रॉप को लेकर दावा किया जा रहा है कि इसके उपयोग से आंखों का चश्मा हट सकता है।



**आईड्रॉप से हट सकता है चश्मा**

केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) ने पहली बार एक ऐसे आईड्रॉप को बाजार में बिक्री की मंजूरी दी है। इस आई ड्रॉप को प्रेसबायोपिया से पीड़ित रोगियों के लिए बनाया गया है जो बिना चश्मे के भी पढ़ पाएंगे।

**क्या है प्रेसबायोपिया?**

प्रेसबायोपिया एक आम नेत्र रोग है, जो उम्र के साथ विकसित होता है। आमतौर पर 40 वर्ष की आयु के बाद व्यक्तियों को यह स्थिति प्रभावित करती है। यह एक प्राकृतिक प्रक्रिया है जिसमें आंखों के लेंस का लचीलापन कम हो जाता है, जिससे निकट की वस्तुओं को साफ दिखना कठिन हो जाता है। सरल शब्दों में, यह एक प्रकार का निकट दृष्टि दोष है जो आमतौर पर 40 वर्ष की उम्र के बाद लोगों में पाया जाता है।

**प्रेसवू आई ड्रॉप के फायदे**

ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया (डीसीजीआई) ने एनटॉड फार्मास्यूटिकल्स को प्रेसवू आईड्रॉप की मंजूरी दी है। इस ड्रॉप को लेकर कंपनी ने अपने बयान में कहा कि यह फार्मूला न केवल पढ़ने वाले चश्मे से छुटकारा दिलाता है बल्कि मरीज को एक अतिरिक्त लाभ देता है। आंखों के स्वास्थ्य में सुधार से चश्मा हटाने के साथ ही यह आई ड्रॉप आंखों को नमी देने में भी मदद करता है।

**नोट:** यह लेख डॉक्टर्स का सलाह और मेडिकल रिपोर्टस से एकत्रित जानकारियों के आधार पर तैयार किया गया है।

# राजस्थान के 78 आईएएस होंगे सेवानिवृत्त

## -2028 तक 1329 आईएएस रिटायर होंगे, पहले ही 1300 की कमी, फिर भी नहीं बढ़ रही वैकेंसी

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। देश के साथ प्रदेश को भी पर्याप्त संख्या में इंडियन एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर (आईएएस) नहीं मिल पा रहे हैं। वहीं दूसरी ओर, सीनियर आईएएस के रिटायर होने के बाद यह संख्या और भी बढ़ जाएगी। कार्मिक व प्रशिक्षण विभाग की ओर से जारी रिपोर्ट के अनुसार साल 2028 तक देश में 1329 आईएएस अधिकारी रिटायर हो जाएंगे।

राजस्थान में इस अवधि तक सेवानिवृत्त होने वाले प्रशासनिक अधिकारियों की संख्या 78 हो जाएगी। दूसरी ओर, 1970 से लेकर 2023 तक एक साल में अधिकतम आईएएस की पोस्टिंग की संख्या 181 रही है। जो कि साल 2023 में विभिन्न विभागों में पदस्थापित हुए हैं।

राजस्थान के परिप्रेक्ष्य में बात की जाए तो साल 2020 के बाद से मात्र 29 प्रशासनिक अधिकारियों को ही प्रदेश में पोस्टिंग मिली है। गुड गवर्नेंस के विस्तार और विकेंद्रीकरण को देखते हुए देश के साथ प्रदेश को अधिक आईएएस की जरूरत होगी। वहीं नए विभाग बनने के कारण उनके सफल संचालन के लिए बेहतर प्रशासनिक अधिकारी चाहिए होंगे।

**2028 तक रिटायर होने वाले IAS की संख्या**

| साल | 2024 | 2025 | 2026 | 2027 | 2028 |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 18 | 18 | 16 | 10 | 16 |
| मध्यप्रदेश | 15 | 19 | 16 | 23 | 16 |
| बिहार | 17 | 8 | 6 | 8 | 7 |
| झारखंड | 24 | 16 | 12 | 3 | 6 |
| छत्तीसगढ़ | 7 | 4 | 4 | 5 | 3 |
| देश | 306 | 299 | 286 | 254 | 184 |

आईएएस ऑफिसर्स सिविल लिस्ट इंफॉर्मेशन सिस्टम के अनुसार राजस्थान में कुल 262 आईएएस ऑफिसर्स हैं। इनमें से करीब 59 महिला आईएएस अधिकारी हैं। यूपीएससी के अनुसार फीमेल कैंडिडेट्स पुरुष से अधिक सिविल सर्विसेज एग्जामिनेशन क्रैक करती हैं, लेकिन प्रदेश में पोस्टिंग के मामले में महिलाओं की संख्या पुरुषों से काफी कम है।

प्रमोटेड व डीआर को मिलाकर 1316 का गैप 2024 तक ही देश में प्रमोटेड और डायरेक्ट रिक्रूट (डीआर)किए गए आईएएस में ही 1316 का गैप है। सभी पदों को मिलाकर देश में कुल 6858 आईएएस अधिकारी होने चाहिए, जबकि 5542 ही पोस्टेड हैं। यह रिपोर्ट तैयार होने तक राजस्थान में 313 की जगह 262 आईएएसही कार्यरत थे।

प्रदेश में 57 आईएएस बीटेक और 18 एमबीबीएस आईएएस ऑफिसर्स सिविल लिस्ट के अनुसार प्रदेश में करीब 57 आईएएस के पास बीटेक की डिग्री है। वहीं 18 अधिकारियों का एमबीबीएस बैकग्राउंड है। 24 के पास बीई, दस के पास एमकॉम और दस के पास एमबीए की डिग्री है। 10 नंबर कम होने से चूक जाते हैं उम्मीदवार यूपीएससी की वेबसाइट पर साल 2022 के नॉन रिकमेंडेड उम्मीदवारों के अंक सार्वजनिक किए जा चुके हैं। इसमें सामान्य वर्ग की एक महिला उम्मीदवार ने 950 अंक हासिल किए हैं। उस साल रिकमेंड किए गए आखिरी उम्मीदवार के अंक 360 रहे थे। यानी, यह महिला उम्मीदवार मात्र दस अंक से चूक गई थी। 2013-2021 तक हर साल 180 को पोस्टिंग 2013 से 2021 तक हर साल देश में 180 आईएएस अधिकारियों को पोस्टिंग मिली। 2022 व 2023 में एक ही आईएएस बढ़ा है। इन सालों में संख्या 181 तक पहुंची।

# रिश्ते के लिए विज्ञापन दें

रॉयल पत्रिका साप्ताहिक न्यूज पेपर में पेज नं. 5 पर तीन-चार महीने पहले मुस्लिम रिश्ते नाम से एक कॉलम शुरू किया गया, जिसका अच्छा रिजल्ट सामने आया है। रॉयल पत्रिका में मुस्लिम रिश्ते के लिए विज्ञापन देने वाले दर्जनों युवक-युवतियों की शादी हो गई है या शादी तय हो गई है। रॉयल पत्रिका राजस्थान के मुसलमानों में पढ़ा जाने वाला एक बड़ा न्यूज पेपर है। जिसका फायदा मुस्लिम रिश्ता चाहने वालों को मिल रहा है। मुस्लिम समाज के ऐसे लोगों से गुज़ारिश है जो अपने बेटे- बेटियों के रिश्तों के लिए न्यूज पेपर में विज्ञापन देना नहीं चाहते हैं, लेकिन अख़बार में छपे रिश्ते का रिश्ता ज़रूर चाहते हैं। ऐसे लोगों को चाहिए कि वे स्वयं भी न्यूज पेपर में रिश्तों का विज्ञापन दें और फायदा उठावें और यह नहीं सोचें कि विज्ञापन देने से उनकी बदनामी हो जाएगी । जिन्होंने रॉयल पत्रिका में रिश्तों के लिए विज्ञापन दिए, उनके रिश्ते तय हुए। जो सोचते रहे वे रिश्तों से वंचित रहे हैं। इसलिए बे हिचक मुस्लिम रिश्तों के लिए रॉयल पत्रिका में विज्ञापन देना चाहिए।

### चश्मा हटाने वाली ड्रॉप की बिक्री और निर्माण पर रोक

नई दिल्ली । डीसीजीआई ने चश्मा हटाने का दावा करने वाली आई ड्रॉप के निर्माण और बिक्री पर रोक लगा दी है। दवा नियामक ने अपने फैसले को निलंबित कर दिया है। दवा नियामक ने कहा कि कंपनी ने जिस दवा उत्पाद के लिए दावा किया था, उसके लिए उसने सेंट्रल लाइसेंसिंग अथॉरिटी से मंजूरी नहीं ली थी। यह न्यू ड्रग्स एंड क्लिनिकल ट्रायल रूल्स, 2019 के प्रावधानों का उल्लंघन है।

## आवश्यकता

एक प्रसिद्ध कंपनी को एक एकाउंटेंट की आवश्यकता है, जो कंपनी लॉ के अनुसार एकाउंट्स का कार्य करना जानता हो । अनुभवी को प्राथमिकता, वेतन योग्यतानुसार । इच्छुक व्यक्ति अपना बायो डाटा निम्न व्हाट्सएप पर भेजे-
मो. न. – 9772552446

.........................................

रॉयल पत्रिका को हॉकर्स (अखबार बांटने के लिए) की आवश्यकता है। इच्छुक व्यक्ति कार्यालय आकर शीघ्र संपर्क करें- रॉयल पत्रिका, मस्जिद शेखान के सामने, घोड़ा निकास रोड, रामगंज बाज़ार, जयपुर - 302002
मो. न. : 9772552446

### ISRO में 103 पदों पर निकली भर्ती; 10वीं पास से लेकर इंजीनियर्स, डॉक्टर्स को मौका, एज लिमिट 35 वर्ष




भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) में मेडिकल ऑफिसर, साइंटिस्ट, इंजीनियर समेत अन्य पदों पर वैकेंसी निकली है। इस भर्ती के लिए उम्मीदवार ऑफिशियल वेबसाइट www.isro.gov.in पर जाकर आवेदन कर सकते हैं।

**वैकेंसी डिटेल्स :**

- चिकित्सा अधिकारी : 3 पद
- वैज्ञानिक/इंजीनियर : 10 पद
- तकनीकी सहायक : 28 पद
- वैज्ञानिक सहायक : 1 पद
- तकनीशियन- बी : 43 पद
- ड्राफ्ट्समैन- बी : 13 पद
- सहायक (राजभाषा) : 5 पद
- कुल पदों की संख्या : 103

**एजुकेशनल क्वालिफिकेशन :**

किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 10वीं/ITI/डिप्लोमा/ग्रेजुएशन/ME/M.Tech/MBBS/MD की डिग्री होनी चाहिए।

आयु सीमा :
- न्यूनतम : 18 वर्ष
- अधिकतम : 28-35 वर्ष
- आरक्षित वर्गों के उम्मीदवारों को नियमानुसार छूट दी जाएगी।

सैलरी :
पद के अनुसार लेवल - 3 से लेवल - 11 के अनुसार।

### राजस्थान CET 2024 के लिए एग्जाम डेट बदली

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड (RSMSSB) ने कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट यानी CET 2024 ग्रेजुएट लेवल परीक्षा की नई तारीख जारी कर दी है। पहले यह परीक्षा 21 सितंबर से शुरू होनी थी। अब यह परीक्षा 27 और 28 सितंबर को आयोजित की जाएगी। उम्मीदवार ऑफिशियल वेबसाइट rsmssb.rajasthan.gov.in पर जाकर एग्जाम का नोटिफिकेशन चेक कर सकते हैं।

### उपनिरीक्षक भर्ती रद्द कर दोबारा हो परीक्षा: किरोड़ी

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। एसओजी की ओर से उपनिरीक्षक भर्ती को रद्द करने के प्रस्ताव के बाद अब कृषि मंत्री किरोड़ीलाल मीना ने भी यह आवाज उठाई है। उन्होंने सीएम भजनलाल शर्मा को पत्र लिखकर भर्ती को रद्द कर दोबारा परीक्षा कराने की मांग की है। उन्होंने कहा 859 पदों में से 500 से अधिक फर्जी अभ्यर्थी पेपरलीक, डमी अभ्यर्थी के माध्यम से चयनित हो गए। आरपीएससी के पूर्व सदस्य रामूराम राईका व बाबूलाल कटारा की गिरफ्तारी से स्पष्ट है कि इनके रहते जितनी भर्ती परीक्षा हुई, सभी में बड़े स्तर पर गड़बड़ी हुई। अयोग्य व आपराधिक प्रवृति के व्यक्तियों का चयन पुलिस विभाग का अपराधीकरण कर देगा। उन्होंने कहा कि यह जानकर खुश तो हूं, लेकिन इतने बड़े फर्जीवाड़े के पश्चात अभी तक उक्त भर्ती परीक्षा का निरस्त न होना मुझे व आमजन को व्यथित कर रहा है।

# भवानीमंडी पुलिस की अवैध मादक पदार्थ के खिलाफ बड़ी कार्यवाही

## -2 किलो 55 ग्राम अफीम जप्त एक गिरफतार

झालावाड़। भवानीमंडी पुलिस द्वारा गश्त के दौरान 13 सितंबर को अवैध मादक पदार्थ के खिलाफ बड़ी कार्यवाही कर 2 किलो 55 ग्राम अफीम को जप्त



कर आरोपी को गिरफ़्तार करने में सफलता अर्जित की है। कार्यवाही पुलिस जिला पुलिस अधीक्षक ऋचा तोमर व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चिरंजीलाल मीणा के निर्देशन एवं प्रेमकुमार आरपीएस वृताधिकारी वृत भवानीमंडी के निकटतम सुपरविजन में रमेशचंद मीणा पु. नि. थानाधिकारी थाना भवानीमंडी के नेतृत्व में अवैध कार्यों की रोकथाम व चैंकिंग के दौरान गश्त कालवा स्थान से पीली कोठी का आम रास्ता कस्बा भवानीमण्डी से आरोपी बनेसिंह पुत्र मांगू सिंह जाति सोन्धिया राजपूत निवासी सरोद पुलिस थाना मिश्रोली जिला झालावाड (राज.) के कब्जे से अवैध मादक पदार्थ अफीम 2 किलो 55 ग्राम को जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया।

साथ ही मौके से फरार आरोपी शंकर सिंह सोन्धिया राजपूत निवासी सांरगा का खेडा पुलिस थाना डग जिला झालावाड (राज.) की तलाश पतारसी व अवैध मादक पदार्थ अफीम कहा से लाया और किसे देने जा रहा था के बारे में अनुसंधान जारी है। इस दौरान गठित टीम में रमेशचंद पु.नि. थानाधिकारी पुलिस थाना भवानीमंडी, महेश कुमार कानि. 1380 पुलिस थाना भवानीमंडी, राकेश कुमार कानि. 836 पुलिस थाना भवानीमंडी, रवि दुबे कानि.29 पुलिस थाना भवानीमंडी हरिराम कानि. 1258, पुलिस थाना भवानीमंडी, मुकेश कुमार कानि. 1329, पुलिस थाना भवानीमंडी, मुकेश कुमार कानि. 815 पुलिस थाना भवानीमंडी, विक्रम सिंह कानि. 762 पुलिस थाना भवानीमंडी का सहयोग रहा।

# वक्फ संशोधन बिल 2024 को रद्द करने की मांग को लेकर एसडीपीआई ने किया प्रदर्शन

बारां (रॉयल पत्रिका)। सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इण्डिया बारां इकाई द्वारा वक्फ संशोधन बिल रद्द करने की मांग को लेकर शहर के अंजुमन चौराहे पर विरोध प्रदर्शन किया गया। एसडीपीआई जिलाध्यक्ष अब्दुल अजीज ने विरोध प्रदर्शन में शामिल होने वाले लोगों का इस्तकबाल किया और वक्फ अमेंडमेंट बिल को रद्द करने की मांग को लेकर कहा की वक्फ जायदादें समाज के उत्थान व गरीबो व मजलूमो की मदद करने के लिए दान की हुई सम्पत्ति है। जो कि सैकडो सालो से चली आ रही परम्परा है, इसमे किसी भी सरकार का दखल मुस्लिम समाज बर्दाश्त नही करेगा सरकार को तुरंत इस बिल को वापस लेना चाहिए। एसडीपीआई के प्रदेश कोषाध्यक्ष जाकिर हुसैन ने कहा की वक्फ संशोधन बिल मुस्लिम समाज मे अविश्वास पैदा करने वाला व भेद-भाव पूर्ण बिल है। सरकार इस बिल के माध्यम से मुस्लिम समाज की जमीनो को हड़पना चाहती है। सरकार का यह कृत्य उसकी विभाजनकारी नीतियो का प्रदर्शन है।




विरोध प्रदर्शन मे एसडीपीआई के जिला उपाध्यक्ष एहतेशामउद्दीन सिद्दीकी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा की वक्फ की जमीन मुसलमानों की मिल्कियत है, हम हमारी मिलकियत में किसी को भी हस्तक्षेप करने की इजाजत नहीं दे सकते। प्रोटेस्ट में वसीम मंसूरी व इमाम हाफिज मोहम्मद आरिफ ने कुरान और हदीस की रोशनी में वक्फ और वक्फ की हुई जमीनों की अहमियत के बारे में बताया। कार्यक्रम में पार्षद पति सलामत हुसैन, पार्षद असलम अंसारी, अलीम मंसूरी, इरशाद अंसारी, शहादत हुसैन, शाहरुख अंसारी, आबिद हुसैन, हाजी अब्दुल वहीद, हाजी अशफाक हुसैन सहित बड़ी संख्या मे कार्यकर्ता व आम जन मौजूद रहे तथा सभी ने इस बिल का पुरजोर विरोध किया, अंत मे प्रोग्राम का संचालन कर रहे जाकिर हुसैन द्वारा सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# सलीम अब्बासी तीसरी बार कोटा बैटरी एसोसिएशन के अध्यक्ष बने

कोटा (रॉयल पत्रिका)। कोटा बैटरी एसोसिएशन की आमसभा व वार्षिक गोठ शहर के निजी गार्डन में आयोजित की गई। जिसमे बैटरी व्यापार से जुड़े समस्त सदस्यों ने शिरकत की। आमसभा के दौरान संस्थापक अध्यक्ष रवि नकारा ने संस्था को 2 वर्ष पूर्ण हो जाने नई कार्यकारणी गठन के लिए सुझाव आमंत्रित किए। इस पर सभी सदस्यों ने एक राय होकर इसी कार्यकारणी को दुबारा चुने जाने पर सहमति जाहिर की। अध्यक्ष पद पर निर्विरोध सलीम अब्बासी, नेशनल बैटरी कॉरपोरेशन तथा सचिव सुरेश




आनंद को चुना गया। सलीम अब्बासी को कोटा बैटरी एसोसिएशन का अध्यक्ष चुने जाने पर भाटिया एंड कंपनी की तरफ से उनको सम्मान पत्र व बधाई संदेश, समाजसेवी जावेद खान सनराइज एसोसिएशन के डायरेक्टर, कांग्रेसी नेता शाहनवाज अहमद, न्यू मार्केट व्यापार संघ के अध्यक्ष शाहिद मुल्तानी, हज कमेटी कोटा के डिप्टी चेयरमैन तबरेज पठान, मिल्लत चेरिटेबल ट्रस्ट के पदाधिकारियों सहित कोटा शहर के तमाम समाजसेवी व व्यापारिक व बैटरी व्यापार से जुड़े लोगों ने उनको मुबारकबाद देते हुए हौसला अफजाई की। सलीम अब्बासी कोटा शहर की कई सामाजिक संस्थाओं से जुड़ कर अपनी खिदमत अंजाम दे रहे हैं, शहर के प्रमुख मिल्लत चेरिटेबल ट्रस्ट के उपाध्यक्ष है।

# बिजली गिरने से खराब हुए ट्रांसफार्मर व पोल को स्थानीय पार्षद शरीफ रंगरेज ने बदलवाया

बारां (रॉयल पत्रिका)। नगर परिषद के वार्ड नं 44 से पार्षद मोहम्मद शरीफ रंगरेज ने जानकारी देते हुए बताया की सोमवार सुबह अचानक तेज गड़गड़ाहट के साथ बिजली गिरने से बारां शहर में बिजली के कई ट्रांसफार्मर खराब हो गए। जिससे लगभग आधा शहर अंधेरे में डूब गया। बिजली विभाग द्वारा लगातार प्रयास करते हुए देर शाम तक सभी जगह बिजली सुचारू कर दी गई। शहर के वार्ड नंबर 44 में फूल पीर जमात खाने के पास लगा ट्रांसफार्मर भी बिजली गिरने की वजह से जल गया था, पार्षद मोहम्मद शरीफ रंगरेज द्वारा जेईएन सुनील मेहता से तुरंत संपर्क कर स्थिति से



अवगत करवाया। जिस पर उच्च अधिकारियों द्वारा फूल पीर जमात खाने के पास लगे ट्रांसफार्मर को काफी भाग दौड़ के बाद देर शाम को बदलवाया। इसके अलावा लाईट के 3 खंबे लगवाए जिससे नीचे झूलते हुए लाईट के तारों को ऊंचा किया गया। कार्य पूरा होने पर स्थानीय निवासियों सहित वार्ड वासियों ने पार्षद शरीफ रंगरेज व विद्त विभाग के अधिकारियों का आभार प्रकट किया।

# अल-फ़लाह एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट की जानिब से दीनियात कंपीटिशन एग्जाम संपन्न

कोटा (रॉयल पत्रिका)। अल-फ़लाह एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट, कोटा की जानिब से शिक्षा के क्षेत्र में एक कदम ओर बढ़ाते हुए ईद-मिलादुन्नबी के मौके पर




पैगम्बर हजरत मुहम्मद साहब की सवाने हयात एवं सीरतुन्नबी पर एक दीनीयात एग्जाम कम्पीटिशन अंजुमन इस्लामिया स्कूल घण्टाघर पर मुनक़्क़ीद किया गया। जिसमें इस्लामी स्कूल के कक्षा 6 से 10वीं तक के 117 स्टूडेंट्स ने भाग लिया। एग्जाम के बाद अच्छे नम्बर हासिल कर पहला, दूसरा और तीसरा मक़ाम हासिल करने वाले स्टूडेंट्स को अल-फ़लाह ट्रस्ट द्वारा इनामात देकर एज़ाज़ किया गया। इस मौके पर मेहमाने खुसूसी क़ाज़ी-ए-शहर ज़ुबैर अहमद साहब, उपमहापौर सोनू क़ुरैशी, शाक़िर मिर्ज़ा, अंजुमन स्कूल कमेटी के सदर सलीम खान, साजिद जावेद, जलील अंसारी, बाबू भाई, नासिर भाई, गफ़ूर भाई ने बच्चों को इनामात देकर होंसला अफ़ज़ाई की। इस अवसर पर ट्रस्टी किफ़ायत शेख़, मो०अज़हरुद्दीन, मुमशाद अहमद, हैदर अहमद, शेख़ अब्दुल वहाब, इमरान क़ुरैशी,एडवोकेट इरफ़ान, मुजफ्फर राईन, साबिर बख़्श,जोनी राईन,शकील अहमद,फ़िरोज़ खान,निज़ामुद्दीन,समीर अंसारी,अब्दुल हक़,अरशद आदि सदस्य मौजूद रहे।

# संतो के सानिध्य में ऐतिहासिक डोल मेले का आगाज

**शब्बीर हुसैन**

बारां (रॉयल पत्रिका)। जलझूलनी एकादशी के अवसर पर हाडौती के ख्यातनाम डोल मेले का विधिवत उद्घाटन संत समाज द्वारा किया गया। मेला केम्प पर नगर परिषद आयुक्त व मेला अध्यक्ष तथा परिषद के सभी पार्षदों की मौजूदगी में गणेश पूजन के उपरान्त ध्वजारोहण कर मेले का आगाज किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद श्री लक्ष्मण जी महाराज सीसवाली वालों ने कहा कि आत्मा से आत्मा का मिलन ही मेला होता है। नगर परिषद इसे बडी मेहनत से आयोजित करवाती है तो मेलार्थियों का भी इसे संजाने संवारने का दायित्व बनता है। रामनरेश दास महाराज ने कहा कि बारां का डोलमेला प्यारेंराम मन्दिर के परिसर मे आयोजित होता है जो तपस्वी भूमी है। ऐसे में पूरे मेले मे आते ही पवित्रता का अहसास होता है। इस अवसर पर रामदास जी महाराज देवरी धाम और जूना अखाड़ा के मौनी बाबा ने भी अपने विचार व्यक्त किये। नगर परिषद के आयुक्त सौरभ जिंदल ने कहा कि इस बार मेले में कई नवाचार किये गये है। जिससे मेले की आय



में बढ़ोतरी हुई है। झूला प्रांगण को आधुनिक तरीके से सजाया गया है तो मेले के मध्य में डिवाइडर का निर्माण हर वर्ष होने वाली यातायात परेशानी को दूर करने का प्रयास किया गया है। उन्होने चौदह सितम्बर से लेकर तीस सितम्बर तक मंच पर होने वाले सभी कार्यक्रमो की जानकारी दी। आभार व्यक्त करते हुए मेलाध्यक्ष योगेन्द्र मेहता ने कहा कि इस बार सांस्कृतिक विरासत डोल मेले को बड़े जतन से सजाया गया है। प्रभू कृपा से इस बार डोल तालाब भी भरा हुआ है जिससे मेलार्थियों को नौकायान करने का लुत्फ उठाने का अवसर प्राप्त होगा। उन्होने सभी वार्ड पार्षदों से समेत आमजनता से अपील की कि वे मेले की व्यवस्थाओं में सहयोग करें और अपने अमूल्य सुझाव दे।

कार्यक्रम से पूर्व सभी साधु-संतो का नगर परिषद आयुक्त सौरभ जिन्दल, मेलाध्यक्ष योगेन्द्र मेहता समेत पार्षद अन्तुरानी, पीयूष सोनी, सत्यनारायण शर्मा, सीता सोन, यशवन्त यादव, प्रशान्त भारद्वाज, राजेन्द्र जैन, ललित गुर्जर, मयंक माथोड़िया, जाकिर मोहम्मद आदि ने माल्यापर्ण कर स्वागत किया।

# कलाम रत्न सम्मान समारोह का होगा 15 अक्टूबर को आयोजन

सवाई माधोपुर (रॉयल पत्रिका)। हमारा पैग़ाम भाईचारे के नाम, थीम पर काम करने वाली संस्था वतन फाउंडेशन द्वारा भारत के पूर्व राष्ट्रपति मिसाइल मैन ड़ॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के जन्मोत्सव 15 अक्टूबर 24 को जिला मुख्यालय स्थित शिवम् मैरिज गार्डन में कलाम रत्न सम्मान समारोह का आयोजन किया जायेगा । कलाम रत्न सम्मान समारोह के आयोजन को लेकर वतन फाउंडेशन के पदाधिकारियों द्वारा रविवार को रणथम्भौर रोड स्थित एक होटल में प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। प्रेसवार्ता के दौरान संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि 15 अक्टूबर 2024 को भारत के पूर्व राष्ट्रपति मिसाइल मैन ड़ॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के जन्मोत्सव पर संस्था द्वारा जिला स्तरीय कलाम रत्न सम्मान समारोह का आयोजन किया जायेगा, जिसमे जिले के विभिन्न सरकारी स्कूलों के टॉपर




छात्र छात्राओं का कलाम रत्न अवार्ड से सम्मान किया जायेगा। साथ ही जिले में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कर्ष कार्य करने वाली प्रतिभाओ को भी कलाम रत्न से सम्मानित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि शिक्षा, चिकित्सा, सामाजिक कार्य, खेल कूद, वाइल्डलाइफ, पर्यावरण, महिला सशक्तिकरण, मानव जीवन की रक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रतिभाओं का सम्मान किया जायेगा। इस दौरान संस्था पदाधिकारी हुसैन आर्मी, राजेश शर्मा, महिला विंग की मुखिया रूमा नाज आदि ने मीडिया कर्मियों से सुझाव मांगे। साथ ही मीडिया से ऐसे लोगो के नाम साझा करने की अपील भी की जिन्होंने अपने अपने क्षेत्र में एंव जनहित में उत्कृष्ट काम कर जिले का नाम रोशन किया हो और जो कलाम रत्न अवार्ड पाने का हकदार हो। संस्था पदाधिकारियों ने 15 अक्टूबर को आयोजित होने वाले कलाम रत्न सम्मान के सफल आयोजन में पूर्ण सहयोग करने की अपील भी की।

# शिक्षण अधिगम सामग्री निर्माण में मोहम्मद नासिर रहे तृतीय स्थान पर

सवाईमाधोपुर (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद जयपुर (राजस्थान)के तत्वाधान में राज्य स्तरीय रंगोत्सव कार्यक्रम 2024 का आयोजन राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय मान टाउन सवाईमाधोपुर में 11 सितंबर को संपन्न हुआ। जिसमें सवाईमाधोपुर के मखोली में कार्यरत नवाचारी शिक्षक मोहम्मद नासिर बेग ने रंगोत्सव में शिक्षण अधिगम सामग्री (TLM) निर्माण में राज्य स्तर की प्रतियोगिता में



तृतीय स्थान प्राप्त किया है। ऐसे ही शिक्षक समाज के लिए अपनी कार्य शैली में परिवर्तन कर बच्चों के लिए प्रेरणास्रोत बनते हैं। इसी कारण से इन्हें राज्य व राष्ट्रीय स्तर की विभिन्न संस्थाओ ने पूर्व में भी सम्मानित किया है।इन्हें गत दिनों संयुक्त शिक्षा निदेशक एससीईआरटी उत्तराखंड तथा सहायक शिक्षा निदेशक एससीईआरटी उत्तराखंड द्वारा भी उत्तराखंड राज्य की राजधानी देहरादून में एक राष्ट्रीय संगोष्ठी और सम्मान समारोह में शिक्षा सागर फाउंडेशन द्वारा श्रीदेव सुमन राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया गया है। इसके साथ ही इन्हें गुजरात के पाटन में आयोजित हेमचंद्राचार्य राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान 2024 से सम्मानित किया जाएगा।

# अख़लाक़ी मुहासिन आज़ादी के जामिन मुहिम के तहत खुसूसी प्रोग्राम आयोजित

बारां (रॉयल पत्रिका)। रविवार 15 सितंबर 2024 को "अख़लाक़ी मुहासिन आज़ादी के जामिन" मुहिम के तहत एक अहम प्रोग्राम रखा गया। इसका पहला हिस्सा मस्जिद बारा भाईजान में बाद नमाज़ जोहर दोपहर 2:15 से 2:45 तक हुआ, जिसमें मौलाना सरफराज फलाही ने खिताब किया। अपने खिताब में अख़लाक़ी उसूलों और इस्लामी तालीमात पर जोर देते हुए कहा कि आज के दौर में इंसानी अख़लाक़ ही हमारी आज़ादी और तरक़्क़ी की ज़मानत हैं। उन्होंने मुसलमानों को अपनी ज़िन्दगी में हुज़ूर अकरम (स.अ.व.) की अख़लाक़ी उसूलों को अपनाने की अहमियत पर रोशनी डाली। उसके बाद प्रोग्राम का दूसरा हिस्सा ख्वातीन के लिए जामिआ कोसर स्कूल में दोपहर 3:15 से 4:45 तक मुनअकिद किया गया। इस प्रोग्राम की शुरुआत मास्टर शाहबुद्दीन ने तजकीर बिल कुरान से की, जिसमें उन्होंने कुरानी तालीमात के ज़रिये अख़लाक़ी इस्लाह और समाजी बेहतरी पर जोर दिया। इसके बाद सादिया नाज ने एक तराना पेश किया, जिसने हाज़रीन के दिलों को गरमाया।



प्रोग्राम में GIO की प्रदेश अध्यक्ष हारिसा फातिमा ने भी खिताब किया। उन्होंने ख्वातीन के समाज में अहम किरदार और इस्लामी तहज़ीब में उनके फराइज़ पर रोशनी डाली। हारिसा फातिमा ने तालीम और अख़लाक़ी तर्बियत की जरूरत पर जोर दिया।


GIO की ZAC मेंबर, फरहा सलीम ने "आज़ादी के हकीकी तसव्वुर" पर अपने ख़यालात का इज़हार किया। आखिर में मौलाना सरफराज फलाही साहब ने अपने दूसरे खिताब में ख्वातीन की तर्बियत और उनकी अख़लाक़ी ज़िम्मेदारियों पर तफ़सील से बात की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस्लाम में औरतों को आला मुकाम हासिल है और उनको अपनी ज़िम्मेदारियों को समझते हुए समाज में बदलाव लाने की कोशिश करनी चाहिए।

इस पुर असर और कामयाब प्रोग्राम को मुनअक़िद करने में स्टूडेंट इस्लामिक ऑर्गनाइजेशन, SIO, गर्ल्स इस्लामिक ऑर्गनाइजेशन GIO, और जमात ए इस्लामी हिंद JIH के मेम्बरान ने अहम् किरदार अदा किया।

# ह्यूमन राइट्स जस्टिस एसोसिएशन बनाएगी ब्लॉक, जिला, संभाग एवं प्रदेश स्तर पर कमेटियाँ

सुकेत/मारवाड जंक्शन (रॉयल पत्रिका)। हूमनराइट जस्टिस एसोसिएशन के स्टेट प्रेसिडेंट मो. खान पठान एवं डॉ० अब्दुल रऊफ तोहीद स्टेट वाइस प्रेसिडेन्ट द्वारा आयोजित मीटिंग में प्रस्ताव पारित किया गया।

जानकारी देते हुए स्टेट प्रेसिडेंट मोहम्मद खान पठान ने बताया कि हुमन राइट्स जस्टिस एसोसिएशन पूरे प्रदेश के अंदर अति शीघ्र कमेटी का गठन करने जा रही है जिसमें जिला स्तर ब्लॉक स्तर संभाग स्तर तहसील स्तर पर अध्यक्षों की नियुक्ति की जाएगी। जिसके अंदर हूमन राइट्स जस्टिस एसोसिएशन के कार्यों के लिए सामाजिक संस्थाओं से जुड़े लोगों को

एवं साफ सुथरी स्वच्छ छवि वाले सेवाभावी व्यक्तियों को ज्यादा से ज्यादा जोड़ा जाएगा। स्टेट प्रेसिडेंट पठान ने बताया कि संगठन द्वारा नागरिकों के सम्मान एवं अधिकारों की रक्षा करते हुए ऐसे व्यक्ति जिसे न्याय नहीं मिल रहा है, नाजायज परेशान किया जा रहा है एवं भ्रष्टाचार, शोषण, अत्याचार अन्याय के शिकार हो रहे हैं उस पर लगाम लग सके इसके लिए संगठन साफ- स्वच्छ वाले लोगों को संगठन में लिया जाएगा।

## सुकेत के 30 पांडालों में विराजे ही रहेंगे गणपति, विसर्जन का जुलूस नहीं निकालने की चेतावनी

डॉ० तोहीद

सुकेत (रॉयल पत्रिका)। कस्बे में निकलने वाला अनंत चतुर्दशी का जुलूस इस वर्ष नहीं निकलेगा। प्रशासन की अनुमति नहीं मिलने के कारण सभी मंडलों व सर्व हिन्द समाज ने यह फैसला लिया है कि कस्बे के सभी मंडलों के पांडाल में गणपति विराजित रहेंगे। प्रशासन मार्ग को बस स्टैंड चौराहे से होकर नहीं निकलने देता है तो ऐसी स्थिति में अनिश्चितकाल के लिए मंडल के पांडाल में ही गणपति स्थापना रहेगी। कस्बे के श्रीलक्ष्मीनाथ भगवान मंदिर गणेश नवयुक्क मंडल के अध्यक्ष रामावतार खरेड़िया ने बताया कि बड़ा बाजार का मार्ग संकरा होने से अनंत चतुर्दशी का जुलूस निकालने में काफी बाधाओं व समस्याओं का सामना करना पड़ता था। वहीं, जगह की कमी होने और भीड़ अधिक होने के कारण आसपास के मकान से मूर्ति के टकराकर खंडित होने की आशंका भी बन रही थी। संकरा रास्ता होने के कारण व भीड़ अधिक होने के कारण दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है।

सभी मंडलों व सर्व समाज के अनुसार ऐसी स्थिति को देखते हुए प्रशासन से पूर्व में निकलने वाले मार्ग से ही जुलूस को निकालने के लिए अनुमति मांगी जा रही थी, लेकिन प्रशासन ने उस मार्ग को प्रतिबंधित कर दिया गया है। प्रशासन को अनंत चतुर्दशी के बड़ा बाजार के मार्ग में आने वाली समस्याओं की जानकारी होने के बावजूद जुलूस मार्ग को परिवर्तित करने की अनुमति नहीं दी गई। जिसके कारण गणेशोत्सव में की गई बैठक में सभी मंडलों सर्व समाज व करने के गणमान्य नागरिकों ने यह तय किया है कि यदि प्रशासन बस स्टैंड से जुलूस निकालने की अनुमति नहीं देता है तो कस्बे के सभी 30 पांडालों से गणेश प्रतिमाएं नहीं उठेगी और अनंत चतुर्दशी का जुलूस नहीं निकाला जाएगा। दूसरी ओर पुलिस ने इस विषय में निर्णय को उपखंड प्रशासन का क्षेत्राधिकार बताया है।

# पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को हरियाणा विधानसभा चुनाव का सीनियर ऑब्जर्व बनाए जाने पर कांग्रेसजनों ने दी बधाई

चूरू। जिला मुख्यालय पर कांग्रेसजनों ने विचार गोष्ठी कर राजस्थान के लोकप्रिय नेता पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को हरियाणा विधानसभा चुनाव का सीनियर ऑब्जवर बनाये जाने पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। चूरू जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष जमील चौहान ने कहा अशोक गहलोत को यह जिम्मेदारी देने पर हम पार्टी आला कमान का आभार प्रकट करते हैं। गहलोत के अनुभव का पार्टी को लाभ मिलेगा, हरियाणा में कांग्रेस पार्टी सत्ता में आ रही है। हरियाणा के मतदाताओं ने मन बना लिया है,



हरियाणा में भाजपा के दस साल के कुशासन से जनता तंग आ गई है। भाजपा सरकार किसान, मजदूर, दलित व युवा विरोधी है पूंजीपतियों के हिसाब से चलने वाली सरकार का आमजन की तकलीफ से कोई लेना देना नही है।

# मुस्लिम महासभा की बैठक में किया गया कार्यकारिणी विस्तार

सादुलपुर /राजगढ़ (रॉयल पत्रिका)। मुस्लिम महासभा की बैठक मदीना मार्केट पर स्थित "हमारी ख्वाईश" एनजीओ में गुरुवार को सम्पन्न हुई। जिसमें जिला अध्यक्ष रिहाना पठान ने कार्यकरिणी का विस्तार करते हुए सदस्यों को नियुक्त किया। इस दौरान वार्ड संख्या 31 के रहने वाले अब्दुल मलिक खत्री को जिला सचिव पद पर नियुक्त किया गया व वार्ड



29 निवासी मोहम्मद तालीम को तहसील अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया। इस दौरान इस्लाम कुरैशी, हारून नागोरी, अब्दुल जब्बार, सादिक बेग, मुबारक मिर्जा, इरशाद खान, कुलसुम, मनीषा कुरेशी, शहनाज आदि उपस्थित रहे।

## भारतीय समाज सेवा संस्था की संभाग स्तरीय बैठक संपन्न

फिरोज खान वारसी-

बूंदी (रॉयल पत्रिका)। भारतीय समाज सेवा संस्था के राजस्थान प्रदेश उपाध्यक्ष फिरोज खान वारसी के नेतृत्व में 12 सितम्बर 2024 को संस्था की संभाग



स्तरीय बैठक बूंदी जिले की डाबी तहसील मे आयोजित हुई बैठक में संस्था को मजबूती प्रदान करने, गरीब लोगों को सरकारी सुविधाओं का लाभ पहुंचाने जैसे अहम मुद्दों पर चर्चा की गई। साथ ही भारतीय समाज सेवा-संस्था के पदाधिकारी को मनोनीत भी किया। भारतीय समाज सेवा संस्था के प्रदेश उपाध्यक्ष फिरोज खान वारसी ने जानकारी देते हुए बताया कि नव नियुक्त कार्यकारिणी का विस्तार किया है और राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल यादव के निर्देश पर बूंदी जिला अध्यक्ष असलम खान (डाबी), झालावाड जिला अध्यक्ष डालूराम मेघवाल, कोटा जिला अध्यक्ष अब्दुल अलीम को मनोनीत किया है जिनसे भविष्य में संस्था के लिए अच्छे कार्य की उम्मीद है एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार फरीद खान, अकरम खान, अजमल डाबी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# हकीम भाई के नेतृत्व में दिया यूडीएच मंत्री को ज्ञापन, बताई शहर की समस्या

पाली (रॉयल पत्रिका)। जिला प्रभारी मंत्री एवं स्वायत्त शासन मंत्री झाबरसिंह खर्रा के पाली



आगमन पर नगर निगम नेता प्रतिपक्ष हकीम भाई एवं ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जीवराज बोराणा की अगुवाई में कांग्रेस पार्षदों एवं कांग्रेस पदाधिकारीगण ने ज्ञापन सौंपकर पाली शहर में जलभराव प्रभावित क्षेत्रों में पानी की निकासी, क्षतिग्रस्त सड़को के निर्माण, रिक्त आयुक्त पद पर नियुक्ति सहित विभिन्न ज्वलंत जनसमस्याओं के समाधान हेतु ज्ञापन सौंपकर कर मांग की। इस दौरान पूर्व नेता प्रतिपक्ष भँवर राव, मंगलाराम चौधरी, मेहबूब टी, दिलीप कुमार ओड, बाबू भाई गौरी, इंसाफ मोयल, मोनू भाई मेघवाल, प्रकाश चौहान, ताराचन्द चन्दनानी, विनोद मोदी, रफीक चौहान, जुगराज चौहान, राजेन्द्र मेघवाल, तालिब अली चूडिगर, भैराराम गुर्जर, असग़र अली कुरैशी, प्रकाश बंजारा, दिनेश प्रजापत, कलीम अख्तर, हसन भाटी, घीसाराम रांगी, आबिद अली चढ़वा, मकसूद चूडिगर, अनवर अली सोजत सहित कई कांग्रेसजन मौजूद रहे।

## चिकित्सा विभाग ने की पाली शहर में तीन लैब पर कारवाई

पाली (रॉयल पत्रिका )।सीएमएचओ डॉ विकास मारवाल ने शनिवार को पाली शहर के तीन लैब का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान इन लैब में कई तरह की कमियां पाई गई। इन कमियों को एक सप्ताह में सुधारने के निर्देश दिए। जानकारी के अनुसार सीएमएचओ डॉ विकास मारवाल के नेतृत्व में चिकित्सा विभाग की टीम ने शनिवार को पाली शहर में बांगड़ अस्पताल के आसपास संचालित हो रही तीन लैब (प्रयोगशाला) कृष्णा लैब, लाल पेथ लैब सेंटर एवं एम. बालाजी वी डायग्नोस्टिक सेंटर पाली का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान किसी भी संस्थान पर क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट के अंतर्गत पंजीकरण नहीं पाया गया। इसके अतिरिक्त संस्थानों पर अनेक कमियाँ पायी गई। यथा बायो मेडिकल वेस्ट का समुचित निस्तारण नहीं होना, पर्याप्त एवं प्रशिक्षित स्टाफ की कमी इत्यादि। संस्थान अवैध रूप से संचालित हो रहा था। सीएमएचओ डॉ विकास मारवाल ने तीनों लैब के संचालकों को चेतावनी देते हुए सात दिवस में निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। अन्यथा नियमानुसार कठोर कार्यवाही की जाएगी।सीएमएचओ ने बताया कि इस तरह की कार्यवाही अभियान रूप में संपूर्ण ज़िले में की जाएँगी अतः सभी लैब संचालक नियमानुसार कार्य करें।

# उलेमाओं की सरपरस्ती में निकला जुलूस ए मोहम्मदी

## -जुलूस में हजारों अकीदतमंदों का हुजूम उमड़ा

## - मुफ्ती शेर मोहम्मद साहब ने दिखाई हरी झंडी

जोधपुर (रॉयल पत्रिका)। तंजीम अईम्मा ए अहले सुन्नत और आशिकाने रसूल कमेटी के जानिब से और दारूल उलूम इस्हाकिया के द्वारा जारी की गई अपील के अनुसार इस्लाम के शरीयतन दायरे में रह कर दरगाह अब्दुल लतीफ शाह से जुलूस को मुफ्ती शेर मोहम्मद साहब ने सामुहिक देश में अमन-चैन कायम रहने की दुआ की और हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।




मौलाना हाफिज जावेद और साजिद खान ने बताया कि जुलूस 2023 की तरह इस बार भी जुलूस सादगी से निकाला। जुलूस जालोरी गेट ईदगाह में जौहर की नमाज के साथ साथ मुक्कमल हुआ। जुलूस मे शामिल होने वाले तमाम आशिक ए रसूल इस्लामिक लिबास हाथ में इस्लामिक झण्डे लेकर दरूद ओ सलाम पढ़ते हुए शामिल हुए।
सय्यद मोईन अशरफी, मोईनुद्दीन अशरफी,पीर नजमुल हसन चिश्ती,कारी इकराम साहब सहित सेंकड़ों ओलमा हजारों अकीदतमंदों का हुजूम रहा।
जुलूस ए मोहम्मदी को बेहतरीन बनाने के लिए आशिकाने रसूल कमेटी विभिन्न संस्थाओं ने समर्थन प्रदान किया और जुलूस में शामिल हुए।
जिसमे अईम्मा अहले सुन्नत जोधपुर, दावतें इस्लामी भारत, मौला ए कायनात कमेटी, नवीन जोधाणा जागरुक मंच संस्थान जोधपुर, गुलामाने अशरफ वेलफेयर सोसाइटी, मुंशी सिफत हुसैन संयुक्त मोहल्ला विकास समिति, द लास्ट होप फाऊंडेशन, शेर अली मुस्लिम संगठन, कौम शेख़ सैय्यद मुग़ल पठान, विकास संस्थान जिला जोधपुर, फेंजे आम मोहल्ला विकास समिति, कब्रिस्तान बचाओ संघर्ष समिति जोधपुर ,गौस ए आज़म वेलफेयर सोसायटी, फेजाने गोसे आज़म तेबा कमेटी, भारतीय युवा विकास समिति, अलीफ वेलफेयर & एजुकेशन सोसायटी, फेजाने गोसो रजा कमेटी, तुलबेनात एज्युकेशन वेलफेयर सोसाइटी, मजदूर कुरैशी समाज प्रताप नगर, आदि प्रमुख संस्थाओं के पदाधिकारी मौजूद रहे है।

# जिलेभर में उत्साहपूर्वक मनाया गया राजस्थान जल महोत्सव

नागौर (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान जल महोत्सव-2024 जिलेभर में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। राजस्थान सरकार के निर्देशानुसार यह कार्यक्रम जिला मुख्यालय सहित जिले के सभी उपखंड मुख्यालयों व ग्राम पंचायत स्तर पर जलाशयों के किनारे सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर उत्सव के रूप में मनाया गया। इस दौरान जिला मुख्यालय पर जड़ा तालाब किनारे जिला कलक्टर अरुण कुमार पुरोहित के सानिध्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान जिला कलक्टर ने सिटी पार्क पहुंचकर सर्वप्रथम पौधरोपण किया तथा इसके बाद आयोजन स्थल पर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस दौरान जिला कलक्टर अरुण कुमार पुरोहित ने अपने सम्बोधन में कहा कि हमारे प्रदेश में हमेशा कम वर्षा होती है लेकिन इस वर्ष प्रकृति हमारे ऊपर मेहरबान रही है इस कारण प्रदेश व जिले में औसत से अधिक वर्षा होने से जलाशय भरे हुए हैं। इसी उपलक्ष्य में आज जलझूलनी एकादशी को हम यह महोत्सव मना रहे हैं। इससे पूर्व हम सब ने पौधरोपण अभियान के अंतर्गत जिले में 16 लाख से अधिक पौधे लगाएं। मेरा मानना है कि प्रकृति के बिना सहयोग मानव जीवन असंभव है। सभ्यताओं की शुरुआत से ही भूमि, अग्नि, जल, वृक्ष व प्राकृतिक रूपों की पूजा होती रही है। इसी महोत्सव के




माध्यम से हम जलाशयों की पूजा कर प्रकृति का शुक्रिया अदा कर रहे हैं क्योंकि हमारे जीवन में जल का एक अहम महत्व है यह दिन हमें जल के सदुपयोग, संरक्षण, सतत विकास सहित उसके महत्व को रेखांकित करता है। इस बार कहीं-कहीं अतिवृष्टि से नुकसान भी हुआ है लेकिन दूरगामी परिणाम बढ़ते भूजल स्तर के रूप में मिलने वाले हैं। कार्यक्रम में शहर के महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय बख्तासागर, सेठ किशनलाल कांकरिया राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, एलबीएस कॉन्वेंट स्कूल तथा कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की छात्राओं ने एक से बढकर एक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी जिला स्तरीय अधिकारियों, स्कूली स्टाफ, विद्यार्थियों व आमजन को जल संरक्षण की शपथ भी दिलवाई गई तथा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देने वाली सभी छात्राओं को पारितोषिक वितरण किया। इसके साथ ही जड़ा तालाब किनारे स्वच्छता ही सेवा अभियान - 2024 के तहत तालाब व सिटी पार्क के आसपास नगरपरिषद कार्मिकों द्वारा सफाई की गई।
इस मौके पर अतिरिक्त जिला कलक्टर चंपालाल जीनगर, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रविंद्र कुमार, उपखंड अधिकारी सुनील कुमार, जल संसाधन विभाग के अधिशाषी अभियंता ओंकार बैरवाल, जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियंता श्योजीराम, अधिशाषी अभियंता मोहनलाल कड़ेला व पीएस तंवर, आवासन मंडल के आवासीय अभियंता जितेंद्र माथुर, नगर परिषद आयुक्त रमेश रिणवां, अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी मदनलाल शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# भारतीय जिंक निर्माण उद्योग में परिचालन उत्कृष्टता को आगे बढ़ा रहे, हिंदुस्तान जिंक के इंजीनियर

उदयपुर (रॉयल पत्रिका)। देश की सबसे बड़ी और विश्व की दूसरी सबसे बड़ी एकीकृत जिंक उत्पादक कंपनी, हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड भारतीय जिंक निर्माण परिदृश्य में परिचालन उत्कृष्टता को आगे बढ़ाने में अपने वृहद इंजीनियरिंग प्रतिभाओं के अमूल्य योगदान से गौरवान्वित है। खनन, धातु विज्ञान, रसायन, यांत्रिक, सुरक्षा, सिविल और आईटी जैसे क्षेत्रों में हजारों इंजीनियरों के साथ, हिंदुस्तान जिंक, जिंक और संबंधित उद्योगों में भारत की आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। हिंदुस्तान जिंक में परिचालन हेतु युवा इंजीनियरों को उत्पादकता, स्थिरता और सुरक्षा को बढ़ाने वाली उन्नत तकनीकों का लाभ उठाने का अवसर देती है। ऐसी तकनीकी प्रगति से प्रेरित होकर हिंदुस्तान जिंक इस क्षेत्र से जुड़े शारीरिक श्रम को खत्म कर रहा है और एक स्थायी और मानकीकृत कार्य अनुभव का निर्माण कर रहा है। ये इंजीनियर विश्व स्तरीय सुविधाओं की देखरेख करते हैं, जिनमें चंदेरिया में विश्व का सबसे बड़ा जिंक-लेड स्मेल्टर, रामपुरा आगुचा में विश्व की सबसे बड़ी भूमिगत जिंक खदान और सिंदेसर खुर्द में विश्व की शीर्ष तीन चांदी उत्पादक खदानों में से एक शामिल है। देबारी में भारत के पहले जिंक स्मेल्टर और जावर में दुनिया की सबसे पुरानी जिंक खदान के संचालन का प्रबंधन भी करते हैं, जो हिंदुस्तान जिंक को जिंक और सिल्वर उत्पादन में वैश्विक नेतृत्व की स्थिति में पहुंचाने में उनकी भूमिका को रेखांकित करता है। हिंदुस्तान जिंक की परिचालन विशेषज्ञता शीर्ष स्तरीय प्रदर्शन को बढ़ावा देती है और उच्चतम गुणवत्ता वाले जिंक का कुशल उत्पादन सुनिश्चित करती है। वैश्विक प्रौद्योगिकी प्रदाताओं और नवोन्मेषी स्टार्टअप के साथ सहयोग कर, कंपनी अपने कर्मचारियों को अत्याधुनिक कौशल और गहन डोमेन ज्ञान से लैस करती है स्मेल्टिंग की सुविधाओं में स्ट्रैपिंग रोबोट की तैनाती और माइनिंग में 3डी मैपिंग तकनीक सटीक सामग्री हैंडलिंग और सुरक्षित निष्कर्षण प्रक्रिया सुनिश्चित करती है, जिससे उत्पादन में वृद्धि होती है। ये नवीन प्रगति भारत के मजबूत विकास और विकास को आगे बढ़ाने के लिए जिंक निर्माण में परिचालन उत्कृष्टता के लिए हिंदुस्तान जिंक की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और पूर्णकालिक निदेशक अरुण मिश्रा ने कहा कि, हिंदुस्तान जिंक को इंजीनियरों के असाधारण कार्य को मान्यता देने पर गर्व है, जिन्होंने उत्कृष्टता के लिए अपनी प्रतिबद्धता और चुनौतियों को दूर करने की अपनी क्षमता का लगातार प्रदर्शन किया है।

# फिरदौस कॉलोनी में मनाई ईद मिलाद-उन-नबी

पाली (रॉयल पत्रिका)। जशने ईद मिलाद-उन-नबी के मौके पर शहर के फ़िरदौस कॉलोनी में तकरीर का प्रोग्राम किया गया जिसमें मदरसे के बच्चों ने तकरीर व नात ए कलाम पेश किए। मौलाना मुस्ताक अहमद साहब ने सीरत पर बयान किया प्रोग्राम की निजामत मौलाना कफिल दानिश ने की ओर सदारत मौलाना मोहम्मद शरीफ सिद्दीकी साहब ने की।



# डॉ. मुमताज अली को भास्कर हेल्थ केयर अवार्ड से नवाजा गया

एम ए पठान

चूरू। जिला मुख्यालय स्थित एच एन हॉस्पिटल के निदेशक डॉ मुमताज अली को झुंझुनू में एस एस मोदी स्कूल में आयोजित सम्मान समारोह में भास्कर हेल्थ केयर अवार्ड शेखावाटी से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शेखावाटी क्षेत्र सीकर-झुनझुनु- चुरु में चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले डॉक्टरों को सम्मानित किया गया। चूरू के डॉ मुमताज सरल और सौम्य व्यक्तित्व के धनी हैं, सेवाभावी व असहाय गरीबों की मदद करते हैं। समारोह के मुख्य अतिथि आई पी एस शरद चौधरी ने कहा समाज का पीड़ित व्यक्ति डॉक्टर, पुलिस, वकील के पास आता है उस व्यक्ति की परेशानी सर्वोपरि होती है। और वह हमसे उम्मीद भी रखता है हमें चाहिए कि हम उस पीड़ित की समस्या का हर समय समाधान




करने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि हम सब मिलकर, सरलता, सहजता, समन्वय से काम करेंगे तो समाज का हित हो सकता है। समारोह में भास्कर के विजेंद्र सिंह शेखावत, डॉ रमेश कुमार जैन, सी ए मनीष अग्रवाल, झुंझुनू भास्कर यूनीट हेड मोहम्मद तैय्यब अली गोरी, सीकर यूनिट हेड इदरीश बडगूजर, डॉ नरेंद्र काजला, डॉ संजय फाड़ी, मैनेजर साजिद अली, लायंस क्लब के उमर कुरेशी, रानी सती मंदिर के सहायक प्रशासनिक अधिकारी विपुल छक्कड़, विकास शर्मा, आदि मौजूद रहे। समारोह का संचालन आत्माराम जांगिड़ व मंजू शर्मा ने किया।

# कच्ची बस्तियों में चलाया जा रहा है टीकाकरण का विशेष अभियान

चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिले में लेफ्ट आउट व ड्राप आउट तथा टीकाकरण से वंचित बच्चों के लिये चिकित्सा विभाग व डब्ल्यूएचओ व यूनिसेफ की ओर से विषेष अभियान चलाया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज शर्मा ने बताया कि अभियान के तहत कच्ची बस्ती के लेफ्ट आउट व ड्राप आउट का टीकाकरण कर उन्हें गंभीर बीमारियों से बचाने की पहल की गई है। आरसीएचओ डॉ अहसान गौरी ने बताया कि कच्ची बस्तियों में चलाये जा रहे अभियान के तहत रामसरा स्थित कच्ची बस्ती में 22 बच्चों का टीकाकरण किया गया। टीकाकृत सभी बच्चों की मॉनिटरिंग कर ड्यू डेट पर फिर से टीकाकरण किया जायेगा। उन्होंने बताया कि देपालसर रोड पर कच्ची बस्ती में भी टीकाकरण किया गया, जिसमें दो बच्चों के



बीसीजी, तीन बच्चों के पेंटावेलेट प्रथम डोज, आठ बच्चों के डीपीटी, एक बच्चे के मिजल्स रूबेला प्रथम डोज सहित टीकाकरण से वंचित 25 बच्चों को टीकाकृत किया गया। उन्होंने बताया कि पूर्ण टीकाकरण के लिये शहरी व ग्रामीण क्षेत्र की कच्ची बस्तियों विशेष ध्यान दिया जा रहा है। देपालसर रोड कच्ची बस्ती आपणी पाठशाला के पास टीकाकरण में डब्ल्यूएचओ से डॉ इरफान सैयद, प्रवीण, यूनिसेफ से सुभाष चैहान, मीसीसीएम वाहिद अली, अग्रसेन यूपीएससी टीम डॉ मनीष बाजिया, एएनएम संगीता, शालिनी, आषा सहयोगिनी दर्शाना व सुनीता मौजूद रही।

# सांचौर पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर भजनलाल विश्नोई को शहर में पैदल घुमाया

सांचौर (रॉयल पत्रिका)। हिस्ट्रीशीटर आरोपी भजनलाल विश्नोई को शहर में परेड करवाई। इस दौरान पुलिस ने अपराधियों को सख्त संदेश दिया कि वो अपनी आदतों को सुधार लें वरना और भी बुरा हाल होगा। पुलिस अब बदमाशों को पकड़कर सलाखों के पीछे करने के साथ-साथ उनके द्वारा आमजन में पैदा किए गए भय को कम करने का मानस बना चुकी है। सांचौर जिले के पुलिस द्वारा राजस्थान के मोस्ट वांटेड और एक लाख रूपये के ईनामी आरोपी भजनलाल विश्नोई को पुलिस ने जाब्ते के साथ शहर में पैदल घुमाने के दौरान पुलिस जाब्ता भी साथ रहा। आरोपी भजनलाल विश्नोई पुनासा को हथकड़ी पहनाकर जब शहर में घुमाया गया तो बाजार में लोग देखते रह गए। एसपी हरिशंकर ने बताया कि आमजन को भयमुक्त करने के लिए आरोपी भजनलाल विश्नोई को पैदल बाजार में घुमाया गया है। उन्होंने कहा कि अपराधियों से डरने की आवश्यकता नहीं है, बल्कि घटना के बारे में समय रहते पुलिस को बताना चाहिए। ताकि आरोपियों



की गिरफ्तारी हो सके। आरोपी भजनलाल बदमाश प्रवृति और आला दर्जे का बदमाश है, जिस पर 20 से ज्यादा मामले दर्ज है। पुलिस और एजेंसियां पिछले कई सालों से आरोपी भजनलाल की तलाश कर रही थी, लेकिन आरोपी पुलिस को हाथ नहीं लग रहा था। जिसके बाद में पुलिस ने मुखबिरी से सूचना एकत्रित कर आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। वहीं अपराधी के विरूध राजस्थान, गुजरात, हरीयाणा, उतरप्रदेश में भी कई मामले दर्ज है। भजनलाल आले दर्जे व बदमाश प्रवृति का आरोपी है। इस बीच पता चला की भजनलाल झाब के पास खेड़ा गांव में स्थित मंदिर पर हर वर्ष गोगा नवमी पर आकर प्रसादी चढ़ाता है। जिसके बाद पुलिस ने मंदिर आने जाने वाले रास्तों के साथ रूकने के संभावित स्थानों पर चार दिन से निगरानी रखी। इस दौरान 11 सिंतबर को रात में मुखबिर से सूचना मिलने पर भजनलाल के घर के आसपास में सिविल में जवानों ने निगरानी शुरू की। 12 सिंतबर को दोपहर 1 बजे के आसपास भजनलाल मंदिर आया। सरवाना पुलिस ने करीब आधा किलोमीटर लगातार पीछा करने पर दबोच लिया। भागते समय नीचे गिरने से पैरों में मामुली चोट आई है। भजनलाल भीनमाल थाने का हार्डकोर अपराधी व एचएस है। आरोपी करीब 6 सालों से पुलिस व अन्य एजेंसियों के द्वारा गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे थे। मगर आरोपी शातिर व बदमाश प्रवृति का होने के कारण अपना हुलिया बदलकर आउट ऑफ राजस्थान में फरारी काट रहा था। जिसके बाद में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।

# गीतांजली मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल उदयपुर में 76 वर्षीय वृद्ध महिला की देहदान अंतिम इच्छा को पुत्र ने किया पूरा

## -पूरे परिवार का मानना है कि प्रत्येक परिवार में से कम से कम एक व्यक्ति का देह दान होना चाहिए क्यूंकि ये भी किसी मोक्ष धाम से कम नहीं|

उदयपुर (रॉयल पत्रिका)। गीतांजली मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, उदयपुर में प्रतापनगर निवासी स्वर्गीय श्रीमती सयुक्ता खन्ना शुगर व हाइपर टेंशन की रोगी थी, रोगी को निमोनिया होने की स्तिथि में हॉस्पिटल में भर्ती किया गया| गंभीर स्तिथि के चलते रोगी को वेंटीलेटर सपोर्ट पर भी रखा गया| परन्तु रोगी की उम्र और गंभीर हालत के चलते रोगी का देहान्त दिनांक 11-09-2024 हो गया| उनके पुत्र श्री दीपक खन्ना ने बताया कि उनकी माता जी कि अंतिम इच्छा थी कि उनके देहांत के पश्चात् उनके पार्थिव शरीर का देहदान कर दिया जाए | उनकी 76 वर्षीय माता जी का मानना था कि जीते जी तो सब काम आ जाते हैं परन्तु यदि मरने के बाद भी देह काम आ सके और जिससे भावी डॉक्टर्स अनुसन्धान कर सकें और समाज को अच्छे डॉक्टर मिले इसके लिए ये सोच रखना बहुत आवश्यक है और हमारी ज़िम्मेदारी भी|आपको ज्ञात करा दें कि इसी परिवार से गत वर्ष श्रीमती ललिता पूरी का भी देहदान किया गया था|इस पूरे परिवार का मानना है कि प्रत्येक परिवार में से कम से



कम एक व्यक्ति का देह दान होना चाहिए क्यूंकि ये भी किसी मोक्ष धाम से कम नहीं|
एनाटोमी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ प्रकाश के.जी ने जानकारी देते हुए बताया कि स्वर्गीय श्रीमती सयुक्ता खन्ना ने देहदान की इच्छा को उनके पुत्र द्वारा पूरा किया गया| समाज में इस जागरूकता का आना बहुत आवश्यक है| देहदान प्रक्रिया के समय जीएमसीएच डीन डॉ संगीता गुप्ता, एडिशनल प्रिंसिपल डॉ मनजिंदर कौर, एनाटोमी विभाग में डॉ मोनाली सोनवाने, डॉ सानिया के, डॉ सौरभ, डॉ संभव, मेनेजर ब्रांडिंग एंड पी.आर. कम्युनिकेशन हरलीन गंभीर, बीडीएस प्रथम वर्ष के विधार्थी, गीतांजली यूनिवर्सिटी के फैकल्टी व देहदान दाता का परिवार मौजूद रहे| जीएमसीएच डीन डॉ संगीता गुप्ता ने गीतांजली हॉस्पिटल के समस्त सदस्यों की ओर से स्वर्गीय श्रीमती सयुक्ता खन्ना को विनम्र श्रधांजलि दी व उनके परिवार को उनकी अंतिम इच्छा पूरी करने हेतु शत-शत नमन किया और साथ ही सर्टिफिकेट ऑफ़ एप्रीसिएशन भी प्रदान किया गया|

# मोहम्मद शोएब एवं समरा सुल्ताना की अशोक गहलोत से मुलाक़ात

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। पूर्व मुख्यमन्त्री अशोक गहलोत जयपुर स्थित उनके निवास पर पी. सी.सी. सचिव डॉ मोहम्मद शोएब व प्रदेश महिला कॉंग्रेस की महासचिव व सदस्य ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड



डॉ समरा सुल्ताना ने वक़्फ़ अमेंडमेंट बिल को लेकर अल्पसांख्यको के इस मुद्ददों पर चर्चा की जिसमे 2024 के वक़्फ़ बिल संशोधन विधेयक को संविधान के ख़िलाफ़ बताते हुए इसे वापिस लिए जाने के मामले पर चर्चा की गई । गहलोत ने गंभीरता से सभी मुद्दों को सुना और हर संभव सहयोग के लिए आश्वस्त किया ।

# विश्व हिंदू परिषद ने की क़ानूनविदों की बैठक

## -सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के 30 पूर्व जज हुए शामिल

नई दिल्ली: विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के विधि प्रकोष्ठ द्वारा रविवार (8 सितंबर) को आयोजित की गई एक बैठक में सुप्रीम कोर्ट और कई हाईकोर्ट के करीब 30 पूर्व जज शामिल हुए। बैठक में जिन मुद्दों पर चर्चा की गई उनमें वाराणसी और मथुरा के मंदिरों से जुड़े कानूनी विवाद, वक्फ (संशोधन) विधेयक के साथ-साथ धर्मांतरण के मुद्दे शामिल थे।

केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल भी बैठक में उपस्थित थे। विहिप अध्यक्ष आलोक कुमार ने कहा, 'हमने उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों के सेवानिवृत्त जजों को आमंत्रित किया था। बैठक में समाज के समक्ष खड़े सामूहिक मुद्दों – जैसे कि वक्फ (संशोधन) विधेयक, मंदिर वापस पाना, मंदिरों को सरकारी नियंत्रण में सौंपना (सोसायटी के माध्यम से), धर्मांतरण आदि – पर चर्चा की गई थी। बैठक का उद्देश्य जजों और विहिप के बीच विचारों का स्वतंत्र विनिमय था, ताकि दोनों एक-दूसरे के प्रति समझ विकसित कर सकें।'

केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने बैठक में भाग लिया और बाद में एक्स पर इस आयोजन के फोटो भी पोस्ट किए। एक वरिष्ठ विहिप नेता ने इंडियन एक्सप्रेस को बताया, 'यह पहली बार है जब हमने ऐसा कोई आयोजन किया है। हमारी इसे नियमित अंतराल पर आयोजित करने की योजना है। विचारों का यह आदान-प्रदान विधिक समुदाय को हमारे विचार समझने में मदद करेगा, और हम हमारा एजेंडा आगे बढ़ाने के लिए कुछ कानूनी समझ विकसित करेंगे। हम हमारे लक्ष्यों को प्राप्त करने के कानूनी तरीके तलाश रहे हैं।' विहिप द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सेवानिवृत्त जजों की भागीदारी यह देखते हुए महत्वपूर्ण है कि वाराणसी में ज्ञानवापी मस्जिद और मथुरा में शाही ईदगाह पर हिंदुत्ववादी संगठन के दावों जैसे मुद्दे वर्तमान में अदालत में लंबित हैं।





































मुद्रक, प्रकाशक व स्वत्त्वाधिकारी मुन्ना खान के लिए डीबी प्रिंट सोल्यूशन्स (यूनिट ऑफ डीबी कॉर्प लि.) 10, जेएलएन मार्ग, जयपुर से मुद्रित तथा रॉयल पत्रिका कार्यालय 4312 मोहल्ला नायकों का जगन्नाथ शाह का रास्ता, नाहरबाड़ा, रामगंज, जयपुर से प्रकाशित। संपादक मुन्ना खान मों. 08058969180 कार्यालय फोन- 0141-2609886, G-mail : royalpatrika@gmail.com, Yahoo : royal_patrika@yahoo.com